

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 20 मार्च 2026 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-02 ■ वर्ष -41 ■ अंक-346 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 21 मार्च 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


# अब रायगढ़ में पकड़ी गई अफीम की खेती

**रायगढ़,20 मार्च**

छत्तीसगढ़ के दुर्ग, बलरामपुर के बाद अब रायगढ़ जिले में अफीम की खेती पकड़ी गई है, जहां तरबूज, ककड़ी की खेती के बीच करीब एक एकड़ में अफीम की खेती हो रही थी। मामले की सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची है। पूरा मामला तमनार थाना क्षेत्र के आमाघाट का है। बताया जा रहा कि आमाघाट के नदी किनारे करीब एक एकड़ में अफीम की खेती हो रही थी। इसकी जानकारी मिलते ही एसपी, एडिशनल एसपी समेत जिला प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस झारखंड के एक आरोपी मार्शल सांगां को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हालांकि यह जमीन किसकी है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। जमीन सरकारी बताई जा रही है।



पुलिस हिरासत में झारखंड का एक आरोपी

बता दें कि सबसे पहले दुर्ग जिले में करीब पांच एकड़ में अफीम की खेती पकड़ी गई थी, जहां समोदा गांव में भाजपा नेता विनायक ताम्रकार के खेत में अवैध अफीम की खेती हो रही थी। इस मामले में बड़ी लापरवाही सामने आने के बाद कलेक्टर ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एकता साहू को निलंबित कर दिया गया है। वहीं पुलिस ने अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें विकास बिश्नोई (जोधपुर, राजस्थान), विनायक ताम्रकार (तेमरापारा, दुर्ग) और मनीष उर्फ गोलू ठाकुर (समोदा), छोटू राम शामिल हैं। जांच में सामने आया कि अफीम की खेती के लिए बीज उपलब्ध कराने में छोटू राम की अहम भूमिका थी, जिसे राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया गया है।

दुर्ग के बाद बलरामपुर जिले में दो स्थानों पर अफीम की खेती पकड़ी गई थी। झारखंड सीमा से लगे करोंधा थाना क्षेत्र के चंदाडांडी गांव और कुसमी थाना क्षेत्र के त्रिपुरी गांव में करीब तीन एकड़ जमीन पर अवैध अफीम की खेती की जा रही थी। पुलिस ने अफीम की खेती करने के मामले में किसान सहादुर नगेशिया और टुईला राम को गिरफ्तार किया है। टुईला राम ने पुलिस को बताया कि उसके पास खेत नहीं है। उसने गांव के ही रहने वाले रोपना से छह हजार रुपये सालाना देने के शर्त पर खेत को लीज पर लिया था। उसने खेत पर मक्के की फसल लगाई लेकिन उसे फायदा नहीं हुआ। इसके बाद दोनों किसानों का संपर्क झारखंड के चतरा जिले के रहने वाले भूपेंद्र उरांव से हुआ। उसने कहा था कि मसालों की खेती करने से फायदा होगा। भूपेंद्र उरांव ने कहा कि अगर मैं खेत में मसाले की खेती कराऊंगा कतो मुनाफे में कुछ हिस्सा लूंगा जिसके बाद दोनों किसान तैयार हो गए। भूपेन्द्र ने अफीम की फसल दो किस्तों में बोई गई थी। पहले सहादुर नगेशिया के खेत में अफीम की फसल लगाई गई। यहां अफीम के डोडों पर छह से सात चीरे लगे थे। जिसका मतलब है कि बड़ी मात्रा में अफीम निकाली जा चुकी है।

## सरकार युवाओं को नशे की ओर धकेल रही है: भूपेश

**रायपुर,20 मार्च।** छत्तीसगढ़ में दुर्ग, बलरामपुर के बाद रायगढ़ के तमानार में अफीम की खेती पकड़ाई है। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में गैरकानूनी गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। युवाओं को नशे की ओर धकेला जा रहा है। बघेल ने यह भी दावा किया कि उन्हें अपुष्ट जानकारी मिली है कि नगरी-सिहावा क्षेत्र में भी अफीम की खेती की जा रही है। एक भाजपा नेता के बड़े फार्महाउस में करीब 20 एकड़ जमीन के बीच अफीम उगाई जा रही थी। जैसे ही उन्होंने इस मामले को उठाया, संबंधित जगह पर अफीम की फसल को बुलडोजर से नष्ट कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े लोग पूरे प्रदेश को नशे में डुबाने की कोशिश कर रहे हैं।

## महासमुंद में कार से 25 लाख नकद बरामद

**महासमुंद,20 मार्च।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से 25 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। यह कार्रवाई पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम जोगीडीपा के पास चेकिंग के दौरान की गई। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक वाहन में बड़ी मात्रा में नकदी ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर पिथौरा की ओर से आ रही काले रंग की मारुति ग्रैंड विटारा कार को रोका। जांच के दौरान वाहन से 500-500 रुपये के नोटों के कुल 50 बंडल बरामद किए गए, जिसकी कुल राशि 25 लाख रुपये है। वाहन चालक की पहचान मोहित आनंद के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा नकदी के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी संतोषजनक जानकारी नहीं दे सका, जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया पुलिस ने धारा 94 बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए 25 लाख रुपये नकद, मारुति ग्रैंड विटारा कार और दो मोबाइल फोन सहित कुल 40 लाख 45 हजार 840 रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है।

## ट्रक ड्राइवर से नगदी और 350 लीटर डीजल की लूट

**महासमुंद,20 मार्च।** जिले के तुमगांव थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर लूट की वारदात सामने आई है। कोडार बांध के पास तड़के सुबह नकाबपोश बदमाशों ने एक ट्रक ड्राइवर को निशाना बनाकर नगदी और भारी मात्रा में डीजल लूट लिया। ओडिशा के बरगढ़ जिले का रहने वाला ट्रक ड्राइवर रायपुर की ओर जा रहा था। इस दौरान वह कोडार बांध के पास NH-53 किनारे ट्रक खड़ा कर टायर चेक कर रहा था। मामले में तुमगांव थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 309(4) के तहत FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान फिलहाल अज्ञात है। इस घटना ने एक बार फिर हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर रात और तड़के के समय ट्रक ड्राइवरों की सुरक्षा को लेकर।

## प्रेमिका की बेवफाई से दुखी प्रेमी ने कर ली खुदकुशी

**जगदलपुर,20 मार्च।** कहते हैं प्यार जिंदगी देता है, लेकिन जगदलपुर में एक प्रेम कहानी ने दर्दनाक मोड़ ले लिया, जहां इश्क ही मौत की वजह बन गया. परपा थाना क्षेत्र के तोकापाल में 24 वर्षीय हिमांशु मौर्य ने प्रेमिका की बेरुखी से आहत होकर जहर का सेवन कर लिया. जहर खाने के बाद भी युवक सीधे अपनी प्रेमिका के सेंटर पहुंचा और बात न करने को लेकर नाराज़गी जताई. उसने प्रेमिका को खुद के जहर खाने की जानकारी भी दी, लेकिन कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी. युवती के पिता की सूचना पर पुलिस की मदद से युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. बताया जा रहा है कि दोनों के बीच करीब 8 साल से प्रेम संबंध था और परिवार भी इस रिश्ते से वाकिफ थे. लेकिन कुछ दिनों से बातचीत बंद होने के चलते युवक मानसिक तनाव में था. घटना वाले दिन वह बिना खाना खाए घर से निकला और रास्ते में जहर खरीदकर सेवन कर लिया. मृतक के पिता का पहले ही निधन हो चुका है, घर में मां और छोटा भाई है, जिन पर अब दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

## केंद्रीय मंत्री चौधरी को जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली,20 मार्च।** केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोक दल के प्रमुख जयंत चौधरी को जान से मारने की धमकी दी गई है। दिल्ली पुलिस को भेजी गई शिकायत में मंत्री की जासूसी का भी आरोप लगाया गया है। केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोक दल के प्रमुख जयंत चौधरी को जान से मारने की धमकी दी गई है। दिल्ली पुलिस को भेजी गई शिकायत में मंत्री की जासूसी का भी आरोप लगाया गया है। मंत्री के निजी सहायक ने दिल्ली पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा है कि 18 मार्च की सुबह उनके फोन पर कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी को जान से मारने की धमकी दी गई। थाना तुगलक रोड को दी गई लिखित शिकायत में कहा गया है, 'उसने मुझसे पूछा कि क्या मैंने वे कागज देखे हैं जो उसने मेरे फोन पर भेजे हैं और साथ ही उसने MP5 जैसे हथियारों का जिक्र करते हुए कहा कि वह इन्हीं से मारेगा। इतना कहकर उसने फोन काट दिया। जब मैंने उसके नंबर से आए व्हाट्सऐप संदेशों को खोलकर देखा, तो उसमें माननीय मंत्री जी का 'सरकारी टूर प्रोग्राम' (प्रति संलग्न) था.

# छातिम पर उलझा रहा सदन

**रायपुर,20 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के अंतिम दिन प्रश्नकाल के दौरान सप्तपर्णी जिसे छातिम भी कहते हैं, कटाई को लेकर सदन उलझा रहा। राजधानी रायपुर में हजारों की संख्या में सप्तपर्णी का पेड़ लगा हुआ है, एक गंभीर सवाल आया है, छातिम जानलेवा है और आदमी के लिए घातक भी है। विधायक सुनील सोनी ने मंत्री से पूछा, लोगों की जानमाल की सुरक्षा के मद्देनजर सरकार इन पेड़ों की कटाई कराएगी क्या। इस सवाल पर उलझन की स्थिति बनी। मंत्री ने कहा, पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने से पहले वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों से रिपोर्ट मंगाएंगे। मंत्री ने कोनोकार्पस पर प्रदेश में बैन लगाने की सदन में घोषणा की। विधायक सुनील सोनी ने मध्य प्रदेश,आंध्रप्रदेश व अन्य प्रांतीय सरकार के निर्णय का हवाला देते हुए मंत्री ओपी चौधरी से कहा, मेरा सवाल गंभीर और आम लोगों के स्वास्थ्य से सीधेतौर पर जुड़ा हुआ है। सप्तपर्णी के पेड़ों से अस्थमा व सांस की बीमारी और एलर्जी हो रही है। लगातार शिकायतें मिल रही है। छातिम के पेड़ को स्वास्थ्य के नजरिए से बेहद हानिकारक माना गया है। विधाक ने कहा, एक पेड़ मां के नाम अभियान देशभर में चला, मध्य प्रदेश सरकार ने छातिम के जो पड़े लगे थे, तत्काल हटाने का आदेश जारी किया। जो पेड़ स्वास्थ्य को खराब कर रहे हैं उसे नहीं हटाएंगे क्या। विधायक सोनी ने बताया, छातिम के पेड़ जल स्रोत को भी नुकसान पहुंचा रहा है। इसलिए ये गर्मी में भी हरा भरा दिखाई देता है। विधायक सुनील सोनी के सवाल पर मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, छातिम के बारे में वैज्ञानिकों की ओर से अभी भी पुष्ट जानकारी नहीं आई है। इस संबंध में विभाग के अधिकारी यह बता पाने की स्थिति में नहीं है, छातिम कितना नुकसान दायक है। मंत्री ने कहा, कोनोकार्पस के बारे में जानकारी मिली है वह आम लोगों के लिए नुकसानदेह है। कोनोकार्पस को बैन करने का काम करेंगे। सप्तपर्णी के बारे में कहा, जो पेड़ लगे हैं और वृक्ष बन गए हैं उसे काटने से पहले वैज्ञानिकों की टीम से अध्ययन कराएंगे उसके बाद निर्णय लेंगे। भविष्य में सप्तपर्णी का पौधा ना रोपा जाए इस पर प्रतिबंध लगा देंगे।

# मैनपाट में आधे-अधूरे कार्य पर मंत्री घिरे

**रायपुर,20 मार्च।** विधानसभा बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल में विधायक रामकुमार टोप्पो ने पर्यटन स्थल मैनपाट में आधे-अधूरे कार्य को लेकर पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल को घेरा. विधायक रामकुमार टोप्पो ने सवाल किया कि किस फर्म को में टेंडर प्राप्त हुआ है? और क्या डीपीआर में बना कार्य समय के अंदर पूरा किया गया है क्या? कार्य किस कंपनी को दिया गया? इस पर पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने बताया कि स्वदेश योजना के अंतर्गत टोटल 32 कार्य थे. बाहर की कंपनी टीसीआईएल कंपनी थी. विधायक ने पूछा कि चेन फेंसिंग कार्य के लिए कितना लागत था? और गार्ड रूम की कितनी लागत थी? मंत्री ने बताया कि 141.98 लागत का था. विधायक ने सवाल किया कि चेन फेंसिंग का कार्य अभी तक अधूरा है. 95 लाख का काम था, लेकिन 30 से 40 लाख का काम अभी तक नहीं हुआ है, जिसकी वजह से वहां परेशानी होती है. आप गलत जानकारी क्यों दे रहे हैं? मंत्री ने बताया कि डीपीआर के अनुसार जो कार्य स्वीकृत हुए थे, वो पूर्ण कर लिए गए हैं. लेकिन केवल ऊपर ऊपर का कार्य अभी नहीं हुआ है. पानी की कमी से कार्य कंपलीट होने के बावजूद संचालन में नहीं है. आसंदी ने बताया कि सदस्य की उपस्थिति में भौतिक सत्यापन करा दीजिए. मंत्री ने कहा, बिल्कुल करा देंगे. विधायक ने कहा कि जो मेंटेनेंस करने का कार्य है, वो वर्तमान में कौन सी कम्पनी कर रही है? और उसमें कौन कौन से कार्य है? क्या कंपनी बाहर की है या यहां की? मंत्री ने बताया कि दिसम्बर तक टीसीआईएल कर रहा था अब विभाग कर रहा है. विधायक ने कहा कि विभाग कार्य किस तरीके से कर रहा है ये भी क्लियर करिए? मंत्री ने बताया कि 2 मैनेजर प्लेसमेंट एजेंसी के द्वारा नियुक्त किए हुए हैं. विधायक ने कहा कि विभाग अपनी मर्जी से कार्य कैसे कर रहा है? मंत्री ने बताया कि पर्यटन विभाग यात्रियों को सुविधा के लिए अपने हिसाब से कर्मचारी रखता है. विधायक ने कहा कि 68,000 से भी अधिक की राशि प्रति महीना केवल मेंटेनेंस को राशि ही जाती है. मंत्री ने बताया कि पर्यटक आते हैं, उनके लिए कुशल



व्यक्ति की आवश्यकता होती है. इस पर विधायक ने सवाल किया कि घास उखाड़ने के लिए कौन से कुशल व्यक्ति की आवश्यकता होती है? रिसोर्ट कितने भूमि पर बना हुआ है? मंत्री ने बताया कि स्थानीय लोग ही वहां पर काम कर रहे हैं, और भूमि रकबा 18.5 हेक्टेयर भूमि पर बना है. यह आबंटित हुई है, बाकी निर्माणाधीन है. नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने कहा कि पर्यटन से संबंधित प्रश्न है. क्या आप एक भी बार मंत्री बनने के बाद मैनपाट गए है? मंत्री ने बताया कि मैं 2-3 महीने पहले वहां महोत्सव हुआ था, जिसमें दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी को वहां घुमाने लेकर गया था. उन्होंने उल्टा पानी भी देखा और उसे अनोखा बताते हुए उसे सभी जगह इसकी जानकारी दिए जाने की भी बात कही थी.

## अब सीबीआई करेगी 165 करोड़ के भिलाई यस बैंक घोटाले की जांच

**हाईकोर्ट ने सरकार की जांच प्रक्रिया पर जताई नाराजगी**

**बिलासपुर, 20 मार्च।** हाईकोर्ट ने 165 करोड़ रुपये के भिलाई यस बैंक घोटाले की जांच के लिए सीबीआई को निर्देश जारी किया है। कोर्ट ने राज्य सरकार की जांच प्रक्रिया पर नाराजगी जताते हुए यह आदेश जारी किया है। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की जांच प्रक्रिया पर असंतोष जताते हुए कहा, घोटाले में तथ्यों को छुपाने और जांच के नाम पर लीपापोती की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने यस बैंक द्वारा जांच में अपेक्षित सहयोग ना करने को लेकर भी नाराजगी जताई है।

कोर्ट ने दो टूक में कहा कि निष्पक्ष जांच के लिए केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई जांच एकमात्र विकल्प है। लिहाजा पूरे घोटाले की सीबीआई से जांच कराई जाए। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डीबी ने दुर्ग भिलाई एसपी को निर्देशित किया है कि मामले से जुड़े सभी दस्तावेज, एफआईआर और काउंटर एफआईआर सहित पूरी जानकारी सीबीआई को सौंप दी जाए। कोर्ट ने इस मामले में सीबीआई को नई एफआईआर दर्ज करने के भी निर्देश दिए हैं। बता दें कि अनिमेष सिंह द्वारा की गई एफआईआर और हितेश चौबे द्वारा किए गए काउंटर प्रथम सूचना रिपोर्ट की संपूर्ण जानकारी सीबीआई को देने कहा गया है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में स्वाभिमान पार्टी का उल्लेख किया है। याचिकाकर्ता प्रभुनाथ मिश्रा द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों और कार्यवाहियों का भी विस्तृत जिक्र कोर्ट ने किया है।



## प्रशिक्षु आईएएस की कार को टक्कर मारने वाले पकड़ाया

बिलासपुर,20 मार्च। कोटा में पदस्थ एसडीएम अरविंथ कुमारन टी ( प्रशिक्षु आईएएस) सड़क हादसे में बाल-बाल बचे। एसडीएम मां महामाया मंदिर से कोटा लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप के ड्राइवर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। गनीमत है कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुई। वहीं हादसे के बाद भाग रहे पिकअप ड्राइवर को आईएएस के साथ मौजूद पुलिसकर्मियों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। कोटा एसडीएम अरविंथ कुमारन टी (प्रशिक्षु आईएएस) नवरात्रि पर आज रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर पहुंचे थे। मंदिर परिसर में व्यवस्था का निरीक्षण करने के बाद वे कोटा लौट रहे थे। इस दौरान रतनपुर बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार पिकअप के ड्राइवर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। इसके बाद ड्राइवर वाहन लेकर भागने लगा। आईएएस के साथ मौजूद जवानों ने भाग रहे पिकअप के ड्राइवर को पकड़ लिया। आरोपित पिकअप ड्राइवर शराब के नशे में था। उसे वाहन समेत रतनपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। अब रतनपुर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## राष्ट्रपति ने प्रेमानंद महाराज से लिया आशीर्वाद

**वृन्दावन,20 मार्च।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपनी उत्तर प्रदेश यात्रा के दौरान वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज से भेंट कर आध्यात्मिक चर्चा की और उनका आशीर्वाद लिया। अपनी इस यात्रा में वे नीम करोली बाबा के स्मारक का दौरा करने के साथ रामकृष्ण मिशन में एक ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का उद्घाटन भी करेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान शुक्रवार को वृंदावन स्थित श्री हित राधा केली कुंज आश्रम में प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संत का आशीर्वाद लिया और उनसे आध्यात्मिक संवाद किया। अपनी यात्रा के दौरान, द्रौपदी मुर्मू नीम करोली बाबा के स्मारक पर जाकर अपनी आध्यात्मिक यात्रा को आगे बढ़ाएंगी, जिसके बाद रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम में अत्याधुनिक ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का उद्घाटन किया जाएगा। उम्मीद है कि यह नई सुविधा क्षेत्र में कैंसर उपचार के बुनियादी ढांचे को काफी बढ़ावा देगी।भजन मार्ग ने एक्स पर लिखा कि भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी पूज्य महाराज जी से मिलने पधारीं। आश्रम पहुंचने पर राष्ट्रपति का भव्य स्वागत किया गया। प्रेमानंद महाराज राधे-राधे कहकर राष्ट्रपति का स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने प्रेमानंद महाराज के सत्संग और मानवता के कल्याण के लिए उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रेमानंद महाराज के उपदेशों और प्रवचनों को अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने महाराज से भक्ति मार्ग, मानसिक शांति और सेवा भाव जैसे विषयों पर चर्चा की।

**बीस बरस बाद राष्ट्रमंडल खेलों का होगा भारत में आयोजन**

# रोलबॉल के रोमांच से थिरकेंगे दुनिया के युवा

**जसवंत क्लॉडियस**

भारत में पहली बार 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन हुआ था। अब 2030 में भी इन खेलों को दुबारा आयोजित करने की अनुमति मिल गई है। कामनवेल्थ गेम्स या राष्ट्रमंडल खेलों में वास्तव में उन देशों को शामिल किया जाता है जिन पर कभी ग्रेट ब्रिटन के राजशाही परिवार का शासन रहा हो। अब कुल ऐसे देशों तथा केंद्र शासित क्षेत्रों की संख्या 74 है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर इस टूर्नामेंट के आयोजनकर्ताओं को भारतीय ओलंपिक संघ के माध्यम से यह प्रस्ताव प्रेषित किया गया था कि 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों को भारत के अहमदाबाद में कराये जाने के लिए भारत तैयार है.

अब भारत के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है जिसमें 15 से 17 खेलों को शामिल किए जाने की संभावना है। जिसमें तीरंदाजी, बैडमिंटन,3x 3 बास्केटबाल, व्हालीबाल,3 x 3 व्हीलचेयर बास्केटबाल, बीच व्हालीबाल, किकेट टी-20, सायकलिंग, डायविंग, हाकी, जूडो रीदमेटिक, जिमनास्टिक्स, रग्बी सेवन, निशानेबाजी, स्क्वैश, ट्राइथलान ,पैरा ट्राइथलान और कुश्ती शामिल है। राष्ट्रमंडल खेलों के नियमानुसार आयोजक कोई दो नये खेल या पारंपरिक खेलों को शामिल करने का सुझाव राष्ट्रमंडल आयोजन समिति को दे सकता है। बात यही पर आकर ठहर गई है कि आखिर किस खेल को 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों में स्थान दिया जाए? भारत के पारंपरिक खेलों में कबड्डी, खो-खो प्रमुख हैं। इसके अलावा मार्शल आर्ट से संबंधित कई खेल, किक बाक्सिंग, सेपक तकरा और रोलबाल जैसे खेल भी इस राष्ट्रमंडल खेलों 2030 में अपनी प्रविष्टि का इंतजार कर रहे हैं। दो नये खेल या पारंपरिक खेलों में से एक कबड्डी को शामिल किए जाने से किसी को कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन दूसरे खेल के लिए जोर आजमाईश जारी है। इसमें सिर्फ़ खो-खो, रोलबाल के अलावा लगभग सभी खेल भारत की देन नहीं है। खो-खो और रोलबाल में से किसी एक खेल को 2030 के राष्ट्रमंडल खेल में 15 से 17 खेलों के अलावा शामिल किया जाना उचित होगा। खो-खो और रोलबाल में से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार रोलबाल खेल का जन्म भारत में 2003 में पुणे में हुआ जिसके खोजकर्ता पुणे के एक शारीरिक प्रशिक्षण देने वाले राष्ट्रवादी शिक्षक राजू दभाडे हैं। यह खेल 21 वीं सदी का सबसे तेजी से लोकप्रिय होता हुआ खेल है.आज की परिस्थिति में विश्व में पांचों महाद्वीपों के करीब 60 देशों में खेला जा रहा है। इस दृष्टि से खो-खो के मुकाबले कम अवधि में पूरी दुनिया में लोगों के दिल, विशेषकर युवाओं की पहली पसंद बनने वाला खेल रोलबाला हो चुका है। इस खेल को इंटरनेशनल रॉलबाल एसोसिएशन द्वारा मान्यता दी जा चुकी है। इसका पहली बार टूर्नामेंट 2005 में आयोजन किया गया था। रोलबाल के मैदान में मैच में एक बार में 06 /06 खिलाड़ी होते है. सभी खिलाड़ी और निर्णायक पैर में रोलर स्केट्स पहनकर में उतरते हैं और कोर्ट में गेंद को लेकर विपक्षी टीम पर गोल करता है. गेंद को कब्जे में लेकर भागने से तेज रफ्तार खेल और खिलाडि़यों की फुर्ती दर्शकों के मन मस्तिष्क में रोमांच पैदा कर देता है। इनडोर स्टेडियम में इस खेल को 40&20 मीटर की कड़ी सतह वाले कोर्ट में खेला जाता है। खेल की अवधि 20-20 मिनट की दो पारी होती है। और खेल का संचालन दो निर्णायकों द्वारा किया जाता है। जिसमें अब आधुनिक तकनीक डीआरएस से भी निर्णय लिए जाने का प्रावधान किया गया है। रोलबाल के सीनियर में पुरुष वर्ग में 2011, 13,15, 17, 19, 23 और 2025 में सात विश्वकप साथ ही महिला वर्ग में 2011, 13, 15, 17, 19, 23, 2025 में कुल सात विश्वकप स्पर्धा हो चुकी है। इसी तरह बालक/बालिका दोनों वर्ग में जूनियर विश्वकप का आयोजन दो बार किया जा चुका है। रोलबाल दुनिया के युवाओं के बीच तेजी से उभरता हुआ खेल है। भारत की गोद में जन्म लिये इस खेल को राष्ट्रमंडल खेल में शामिल किए जाने से भारतीय युवा शक्ति में नये और आकर्षक खेल को चुनने का विकल्प मिल सकेगा।

## दो रुपये से ज्यादा महंगा हुआ पावर पेट्रोल

नई दिल्ली,20 मार्च। पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के बाद बनी ईंधन संकट की स्थिति का पहली बार पेट्रोल की कीमतों पर असर पड़ा है। देश में प्रीमियम यानी पावर पेट्रोल की कीमतें बढ़ा दी गई हैं। जानकारी के मुताबिक, प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में 2.30 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पेट्रोल डीलरों ने इस बात की पुष्टि की है। रिपोर्ट के अनुसार फिलहाल यह कीमतें सिर्फ पावर पेट्रोल की कीमतों पर लागू होंगी और रेगुलर पेट्रोल की कीमत नहीं बढ़ाई गई है। इस बढ़ोतरी का असर मुख्य रूप से उन ग्राहकों पर पड़ेगा जो हाई-ऑक्टेन या प्रीमियम पेट्रोल का इस्तेमाल करते हैं। बता दें कि प्रीमियम पेट्रोल का इस्तेमाल आमतौर पर बेहतर इंजन परफॉर्मेंस और ज़्यादा माइलेज के लिए किया जाता है। फिलहाल तेल कंपनियों की ओर से कीमतों में बढ़ोतरी का कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया है। हालांकि जानकारों का मानना है कि ईरान युद्ध के चलते ग्लोबल कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और लॉजिस्टिक्स खर्च में बदलाव कीमत में बढ़ोतरी की मुख्य वजह हो सकती हैं।

# धर्म स्वातंत्र्य विधेयक-26 हमारी जड़ों को खोखला करने वाली दीमकों का समूल नाश करेगा :भावना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,20 मार्च।** विधानसभा में छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 की चर्चा में भाग लेते हुए पंडरिया विधायक ने अपने ओजस्वी भाषण से इसकी गंभीरता और आदिवासी समाज उनकी सभ्यता, संस्कृति और महत्वपूर्ण समस्याओं को विस्तार से रखा। इस दौरान उन्होंने इस विधेयक का समर्थन करते हुए इसे आदिवासियों की मूल जड़ का महाकाव्य बताया। उन्होंने इस विधेयक से जुड़े अपने सुझाव भी साझा किये साथ ही पंडरिया विधानसभा में उनके द्वारा 400 से अधिक आदिवासी लोगों की घर वापसी के दौरान उनके समक्ष आई चुनौतियों, विषयों एवं अपने निजी अनुभव भी सदन के समक्ष रखा।भावना बोहरा ने चर्चा के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 पर चर्चा कोई सामान्य प्रशासनिक पहल नहीं है। इस ऐतिहासिक और युग-परिवर्तक कदम का वास्तविक श्रेय हमारे संवेदनशील और माटी से जुड़े मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के उस इस्पाती संकल्प को जाता है, जो हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के महान विजन से ऊर्जा प्राप्त करता है। यह डबल इंजन सरकार का वह ब्रह्मास्त्र है, जो हमारी जड़ों को खोखला करने वाली दीमकों का समूल नाश करेगा। यह विधेयक मात्र कागजों पर उकेरा गया एक कानूनी मसौदा नहीं है। यह उन विदेशी ताकतों के खिलाफ भारत के सांस्कृतिक स्वाभिमान का शंखनाद है जो हमारी गरीबी का सौदा हमारी आस्था से करते आए हैं। उन्होंने कहा कि जब भी इस प्रदेश में धर्म रक्षा और धर्मांतरण के विरुद्ध प्रतिरोध का इतिहास लिखा जाएगा, तो उसका पहला पन्ना श्रद्धेय कुमार दिलीप सिंह जूदेव जी के नाम से ही शुरू होगा। उन्होंने पंडरिया विधानसभा अंतर्गत 400 आदिवासी समाज के लोगों की घर वापसी के लिए किये अपने प्रयासों व निजी अनुभव को साझा करते हुए कहा कि जब मैं कुल्हीडोंगरी, नेऊर और कुई-कुकदुर के घने जंगलों में जाती हूँ और अब तक 400 से अधिक अपने वनवासी भाई-बहनों के पैर पखारकर उनकी घर वापसी



कराती हूँ, तो उस वक्त जो आँसू उनकी आँखों से गिरते हैं, वे किसी धर्म परिवर्तन के आँसू नहीं होते। वे अपने पुरखों की जड़ों से दोबारा जुड़ने के आँसू होते हैं। जब मैंने 165 आदिवासी परिवारों के पैर धोए, तो मैंने महसूस किया कि उनका धर्मांतरण कभी हृदय परिवर्तन से नहीं हुआ था उनका धर्मांतरण बीमारी, लाचारी और संसाधनों के अभाव का क्रूरतम शोषण था। एक पेड़ की हरी-भरी डाली को काटकर किसी दूसरे पेड़ पर चिपका देना धर्मांतरण है, लेकिन उस कटी हुई डाली को वापस उसकी मूल जड़ों से जोड़ देना घर वापसी है। यह विधेयक हमारी उसी मूल जड़ की रक्षा का महाकाव्य है।भावना बोहरा ने विधेयक से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों पर कहा कि आज धर्मांतरण केवल गाँव के चौपालों पर नहीं हो रहा है; यह बंद कमरों में, सोशल मीडिया पर, फर्जी वेबसाइट्स और डिजिटल माध्यमों के जरिए हमारे युवाओं का ब्रेनवॉश करके हो रहा है। धारा 2 (च) और धारा 3 में डिजिटल माध्यमों को अपराध की श्रेणी में लाना इस विधेयक की सबसे बड़ी जीत है। उन्होंने विधेयक में धारा 14 का उल्लेख करते हुए कहा कि 1968 के कानून में घर वापसी को विधिक संरक्षण प्राप्त नहीं था। इस नए विधेयक ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि कोई व्यक्ति अपने पैतृक धर्म या आस्था में वापस लौटता है, तो उसे धर्मांतरण नहीं माना जाएगा। यह हमारी सनातन संस्कृति की सबसे बड़ी विधिक विजय है। धारा 16 में महिलाओं, नाबालिगों और विशेषकर अनुसूचित जनजाति के मामलों में 20 वर्ष तक की सजा और सामूहिक धर्मांतरण के मामले में 25 लाख जुर्माने के साथ आजीवन कारावास के प्रावधान को उन्होंने धर्मान्तरण कराने वालों पर कड़ा प्रहार बताया। उन्होंने अपने सुझाव साझा करते हुए कहा कि असम, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की तर्ज पर जादू-टोना और अंधश्रद्धा निर्मूलन कानून में शामिल कर चमत्कार के मध्यम से भ्रमित करने वालों को प्रलोभन की श्रेणी में शामिल करने की बात कही। इसके साथ ही चंगाई सभाओं, विदेशी फंडिंग को रोकना व संपत्ति कुर्क करने, पीड़ित की परिभाषा आदिवासी समाज के अनुरूप करने,घर वापसी को लाल फीताशाही से मुक्त रखने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने अंत में कहा कि आज यह विधेयक पारित करके हम केवल एक कानून नहीं बना रहे हैं।

## एक नजर



कवर्धा। चैत्र नवरात्रि पर्व के दूसरे दिन सुबह सुबह श्रद्धालुओं ने की मां महामाया मंदिर में मां महामाया की पूजा और मां महामाया मंदिर में 1537 ज्योति कलश प्रज्वलित हो रही है ।

### घरेलू गैस के अवैध भंडारण पर खाद्य विभाग ने 22 सिलेंडर जब्त किए



**भिलाई, 20 मार्च (तछसं.)।** सेक्टर-6 ए मार्केट स्थित मंगल समोसा प्रतिष्ठान पर घरेलू गैस के दुरुपयोग एवं अवैध भंडारण के मामले में खाद्य विभाग ने कार्यवाही की है। जांच के दौरान यहां से कुल 22 नग गैस सिलेंडर जब्त किए गए। खाद्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और नियमानुसार सभी सिलेंडरों को जब्त कर लिया। खाद्य नियंत्रक अनुराग भदौरिया अधिकारियों ने बताया कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है और ऐसा पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

### स्क्रैप चोर गिरोह का खुलासा,6 गिरफ्तार



**भिलाई, 20 मार्च (तछसं.)।** भिलाई बीएसपी के अंदर से लोहे का स्क्रैप चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा कर कबाड़ी समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से 1030 किलोग्राम लोहा स्क्रैप एवं घटना में प्रयुक्त पिकअप बरामद किया है रिपोर्ट पर भट्ठी पुलिस ने मामले में धारा 25, 26, 303 (2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है भट्ठी टीआई प्रकाश कांत ने बताया कि सीआईएसएफ के एसआई अनुज कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ड्यूटी के दौरान जानकारी मिली कि कुछ असामाजिक तत्व चोरी के इरादे से केनाल गेट के पास से प्लांट के अंदर घुसे हैं खोजबीन के दौरान रात करीब 10 बजे एक संदिग्ध पिकअप वाहन दिखी वह केनाल गेट से होते हुए प्लांट से बाहर की ओर जा रही थी उसको रोककर तलाशी ली तो पिकअप में 16 लोहे के टुकड़ों का स्क्रैप मिला वह तिरपाल से ढंका था आरोपी आकाश राव पुरके (30 साल ) निवासी कैंप 2 शारदा पारा मिलन चौक, नरेश कलेथ (20 साल ) निवासी सेक्टर 4, सड़क 10, पुष्पेंद्र दीप (32 साल ) निवासी सेक्टर 5, सड़क 17, राकेश कुमार सोनकर, (41 साल ) निवासी महात्मा गांधी नगर, पावर हाउस कैंप - 2, मनोज कुम्भार (35 साल ) निवासी सेक्टर 5, सड़क 17 व मनोज कुमार गुप्ता (39 साल ) निवासी महात्मा गांधी नगर, कैंप 02 को गिरफ्तार किया है पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने किया खुलासा पकड़े गए वाहन के चालक राकेश सोनकर ने पुलिस को बताया कि वाहन में रखे हुए 16 नग लोहे का स्क्रैप को भिलाई इस्पात संयत्र के पास ब्लास्टिंग यार्ड के पास रखे हुए लोहे का स्क्रैप को अपने अन्य साथी मनोज, किन्ता एवं अन्य 2-3 लोग मिलकर 16 नग लोहा स्क्रैप के टुकडे को चोरी कर वाहन में भरकर मन्नू गुप्ता कबाडी पावर हाउस के पास ले जाने को कहा स्क्रैप का कुल वजन 1030 किलोग्राम अनुमानित कीमत तीस हजार आंकी गई है ।

### कर्ज के नाम पर अवैध वसूली,3 गिरफ्तार



**भिलाई, 20 मार्च (तछसं.)।** भिलाई सुपेला थाने पुलिस ने कर्ज के नाम पर अवैध ब्याज वसूली और धमकी देकर जबरन रकम ऐंठने वाले आरोपी कंचन सिंह (42 साल ), बरखा शर्मा (45 साल ) और वसीम खान (26 साल ) को गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351(2), 308 (2), कर्जा अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज गया है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि मैत्री विहार राधिका नगर सुपेला निवासी पीड़िता रिया पाल ने शिकायत दर्ज कराई कि उसने आरोपियों से एक लाख रुपए का कर्ज लिया था। समय के साथ वह ब्याज सहित लगभग 12 लाख रुपए चुका चुकी थी, बावजूद आरोपी लगातार और पैसे की मांग कर रहे थे। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़िता के दो ब्लैक चेक अपने पास रख लिए थे।

## वीबी-जी-राम-जी विकसित भारत-47 मिशन को सशक्त करने एक अहम पहल है : गणेश शंकर मिश्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,20 मार्च।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन पत्र सूचना कार्यालय रायपुर द्वारा आज कवर्धा में एक दिवसीय वार्तालाप (मीडिया कार्यशाला) का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य विषय विबी-जी-राम-जी ग्रामीण भारत का परिवर्तनकारी बदलाव था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री गणेश शंकर मिश्रा और विशिष्ट अतिथि के रूप में कवर्धा जिला कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा उपस्थित रहे।मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री गणेश शंकर मिश्रा ने इस बात पर जोर दिया कि %विबी-जी-राम-जी% मात्र एक रोजगार देने वाली योजना नहीं है, बल्कि ग्रामीण आबादी के संपूर्ण आजीविका परिदृश्य के कायाकल्प के लिए तैयार की गई एक महत्वाकांक्षी पहल है। उन्होंने बताया कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि कृषि




चक्र बाधित न हो, योजना में विशेष रूप से 60 दिनों का एक %ब्लॉक% शामिल किया गया है, ताकि फसल कटाई के सीजन के दौरान किसान प्रभावित न हों। उन्होंने रेखांकित किया कि चूंकि भारत की 73त्न से अधिक आबादी आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। श्री मिश्रा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एक दूरदर्शी नेता हैं और यह योजना उनके विकसित भारत 2047 के विजन का एक अनिवार्य हिस्सा है।कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने कार्यक्रम के दौरान योजना के जमीनी क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण परिवारों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके तहत 125 दिनों का गारंटीकृत रोजगार सुनिश्चित किया गया है। इस योजना में ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न कार्यों को शामिल किया गया है, जिससे गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विकास तेजी से हो सकेगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने जनसहभागिता को इस योजना की सफलता का प्रमुख आधार बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना मनरेगा के स्थान पर लागू की जा रही है और इससे रोजगार के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास को नई गति मिलेगी। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में विकास कार्यों में तेजी आएगी और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में यह योजना अहम भूमिका निभाएगी। कार्यशाला का समापन स्थानीय पत्रकारों के साथ संवाद के साथ हुआ, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जन तक पहुँचाने में मीडिया की भूमिका पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में कवर्धा जिले के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया के अनेक प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## डबल इंजन सरकार में बढ़ती महंगाई ने तोड़ी आम जनता की कमर: द्वारिका साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई,20 मार्च।** दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के प्रवक्ता एवं नगर पंचायत उतई के नेता प्रतिपक्ष द्वारिका साहू ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार के नाम पर देश की जनता को केवल महंगाई की सौगात दी जा रही है। लगातार बढ़ती कीमतों से आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है और सरकार पूरी तरह मूकदर्शक बनी हुई है।

द्वारिका साहू ने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल, खाद्य तेल, आटा-दाल, सब्जियों सहित रोजमर्रा की लगभग हर वस्तु की कीमत आसमान छू रही है। महंगाई के कारण मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। रसोई चलाना आम परिवारों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का हवाला देकर लगातार कीमतें बढ़ा रही है, जबकि सच्चाई यह है कि सरकार की गलत आर्थिक नीतियों का खामियाजा देश की जनता भुगत रही है। चुनाव के समय मोदी की गारंटी विष्णु का सुशासन 500रूपये में गैस सिलेंडर बड़े-बड़े वादे कर जनता को सपने दिखाए जाते हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही जनता पर महंगाई का बोझ डाल दिया जाता है।

साहू ने कहा कि देश में बेरोजगारी पहले ही चरम पर है, ऊपर से बढ़ती महंगाई ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है। राज्य सरकार एक तरफ चांवल उत्सव मनाया जा रहा है लेकिन हकीकत में गांव शहर के राशन दुकान में समय पर लोगों को चावल नमक शक्कर नहीं मिल रहा है पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों का असर हर वस्तु की कीमत पर पड़ रहा है, जिससे हर वर्ग का व्यक्ति परेशान है।उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर तुरंत नियंत्रण किया जाए और आम जनता को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। द्वारिका साहू ने कहा कि अगर महंगाई पर जल्द अंकुश नहीं लगाया गया तो जनता आने वाले समय में इसका जवाब देने के लिए तैयार बैठी है।

### नेशनल डिफेंस कॉलेज टीम ने भिलाई इस्पात संयंत्र का किया भ्रमण

**भिलाई, 20 मार्च।** नई दिल्ली स्थित नेशनल डिफेंस कॉलेज की टीम ने 19 मार्च को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा कर इस्पात उत्पादन प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान टीम ने ब्लास्ट फर्नेस-8, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 और यूनिवर्सल रेल मिल का निरीक्षण किया तथा 130 मीटर लंबी रेल के निर्माण की प्रक्रिया देखी। इससे पूर्व इस्पात भवन में आयोजित बैठक में संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्पादन प्रणाली, कार्यप्रणाली एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। टीम ने संयंत्र की उन्नत तकनीक एवं देश की रक्षा अवसंरचना में उसके योगदान की सराहना की। उल्लेखनीय है कि नेशनल डिफेंस कॉलेज देश का प्रमुख संस्थान है, जहां वरिष्ठ सैन्य एवं सिविल अधिकारियों को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाता है।



## ताज दरबार में रोजा इफ्तार सर्वधर्म के लोग जुटे

**भिलाई, 20 मार्च।** ताज दरबार नानी अम्मा कैंप, साक्षरता चौक के सामने 17 मार्च को हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया के उर्स पाक के अवसर पर 27वें रोजे की इफ्तार का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में रोजेदारों के साथ सर्वधर्म के अकीदतमंदों ने भाग लिया। इफ्तार के बाद आम लंगर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया सेवा समिति की अध्यक्ष ताज अंजुम ताजी, खिदमत गुजार हज्जन बदरुनिसा ताजी एवं गद्दीनशीन मोहम्मद सादिक ताजी सहित अन्य श्रद्धालुओं ने बाबा के आस्ताने पर लोबान पेश कर चादरपोशी की रस्म अदा की। कार्यक्रम में गद्दीनशीन मोहम्मद सादिक ताजी का फूलों से स्वागत भी किया गया।

## एक मुट्ठी दान कार्यक्रम में शामिल हुए मनीष पांडेय



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 20 मार्च।** आम्रपाली वनांचल सिटी कॉलोनी में श्रीराम जन्मोत्सव समिति युवा विंग के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय के नेतृत्व में एक एक मुट्ठी दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाजसेवा की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से एक मुट्ठी दान के इस कार्यक्रम में नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस पहल के तहत लोगों ने अपनी सामर्थ्य अनुसार अनाज एकत्र कर अपना योगदान दिया। रामनवमी के दिन श्रीरामनवमी महोत्सव को देखते हुए इस आयोजन का भावपूर्ण महत्व है। आयोजकों ने बताया कि छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़े बदलाव ला सकते हैं और एक मुट्ठी दान इसी सोच का प्रतीक है। कार्यक्रम में आम्रपाली वनांचल सिटी कॉलोनी के अध्यक्ष पीएस सिंह, अशोक गोयल, वीनू अग्रवाल, राजू अग्रवाल, गणेश अग्रवाल एवं राजू मोजक शामिल रहे। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे आगे भी इस तरह के सामाजिक कार्यों में सहभागिता करें।

## सेक्टर-9 चौक में लहराया विशाल भगवा ध्वज, हनुमान चालीसा के साथ हुई महाआरती



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 20 मार्च।** हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2083 के अवसर पर श्री राम जन्मोत्सव समिति द्वारा सेक्टर-9 चौक में आयोजन किया गया। इस दौरान भगवा ध्वजारोहण, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती का आयोजन हुआ। शुरुआत सिविक सेंटर से निकली भगवा रैली से हुई, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रीराम भक्तों और युवाओं ने भाग लिया। भगवा ध्वजों और जय श्रीराम के जयघोष से पूरा मार्ग गूंज उठा। रैली में शहर के कई सामाजिक संगठनों के सदस्य भी शामिल हुए। कार्यक्रम के पश्चात समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने सेक्टर-09 स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने सभी को हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह केवल कैलेंडर परिवर्तन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिकता का उत्सव है। उन्होंने बताया कि समिति पिछले 40 वर्षों से लगातार श्रीरामनवमी महोत्सव का आयोजन करती आ रही है, जो अब प्रदेश में आस्था और एकता का प्रतीक बन चुका है। आयोजन में बड़ी संख्या में नगरवासी, युवा, महिलाएं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे। भजन-कीर्तन और भक्तिमय संगीत के बीच पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बना रहा।

## चैत्र नवरात्र पर ज्योत जला कर लोगों के सुख-समृद्धि की कामना की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल,20 मार्च।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर नगर में आयोजित ज्योति प्रज्वलन कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पार्षद रेखराम बंछोर शामिल हुए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर मां दुर्गा की आराधना की और क्षेत्र के नागरिकों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ उन्होंने नवरात्रि पर्व के महत्व पर भी प्रकाश डाला और सभी से आपसी सौहार्द व श्रद्धा के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों की भी अच्छी भागीदारी रही और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## समाचार संक्षेप

### बाबा दरबार में 195 ज्योति कलश स्थापित

**उतई, 20 मार्च (तछसं.)।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में भक्तों द्वारा 195 ज्योति कलश मनोकामना पूर्ण ज्योति कलश जलवाया गया है 19 मार्च गुरुवार को दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी नंद पंडा एवं पंडित विनय शर्मा द्वारा विधी विधान के साथ पुजा पाठ करके घटस्थापना किया गया तत् पश्चात नंद पंडा विनोद साहू राजू यादव मनसुखा साहू मनोज पटेल कुणाल साहू भोलू साहू खिलेशवर साहू योगेश साहू जी के द्वारा ज्योति प्रज्वलित किया गया इस बार दरबार में विदेश के भक्तों द्वारा ज्योति प्रज्वलित किया गया है जापान अमेरिका श्रीनगर जम्मू काश्मीर श्री लंका नागपुर महाराष्ट्र चिचोला पाथरी राजनांदगांव रायपुर बेमेतरा बिलासपुर छुरिया मानपुर अंबागढ़ चौकी दुर्ग भिलाई बालोद धमतरी आरंग आदि जगह से दरबार में ज्योति जलवाए ग ए है पंचमी 23 ता सोमवार को 26 मार्च गुरुवार को अष्टमी हवन शाम 4 बजे से एवं 27 मार्च शुक्रवार को शाम 4 बजे से ज्योति विसजर्न शोभा यात्रा गली भ्रमण किया जाएगा जो कि शीतला तालाब पहुंच कर विसर्जन किया जाएगा एवं दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि गांव में पांच घर ज्योति जंवारा बोया गया है पुरे नौ दिन तक अपने सेवा दे रहे हैं दरबार के राजू यादव मनसुखा साहू मनोज पटेल रोमनाथ साहू बबलू गज्जू रायपुरीहा जीवराखन ठेकेदार बाबू लाल साहू योगेश साहू दिनेश साहू मारियल साहू वासुदेव स्प्रे पुर्व उपसरपंच कुंभकरण पटेल मुनना गंधर्व सुनील पेटर एम लाल देवांगन कल्याण देवांगन ललित साहू रोशन साहू डॉ धनेशवर साहू चंद्रकांत देवांगन राजू देशमुख आदि भक्त गण लोग यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू जी ने दी



### छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के कवर्धा जिलाध्यक्ष बने श्याम टंडन

**कवर्धा , 20 मार्च (तछसं.)।** छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। दुर्ग संभाग अध्यक्ष गौरीशंकर सिंह एवं संभागीय उपाध्यक्ष भुवन पटेल की अनुशंसा पर श्री श्याम टंडन को कवर्धा जिला-कबीरधाम का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।इस नियुक्ति से जिले के पत्रकारों में उत्साह का माहौल है। संगठन के पदाधिकारियों और पत्रकार साथियों ने श्याम टंडन को बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन की गतिविधियां और अधिक सक्रिय होंगी तथा पत्रकारों के हितों को मजबूती से आगे बढ़ाया जाएगा।



### जीपीएस के मेधावी विद्यार्थियों का नवोदय में चयन

**कवर्धा , 20 मार्च (तछसं.)।** जनपद के सुप्रतिष्ठित अंग्रेजी माध्यम शाला गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास के लिए सदैव ही तत्पर रहा है। विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा के अनुसार उचित स्थान मिले इसके लिए सदैव चेष्टित रहा है। मीडिया प्रभारी पीजीटी हिंदी डॉक्टर विजय कुमार शाही ने बतलाया कि केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को सार्थक स्कूली शिक्षा प्रदान करने के लिए संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु नवोदय प्रवेश परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित हुआ है जिसमें गुरुकुल के पाँच मेधावी विद्यार्थियों यथा कबीर साहू, किशोर चंद्रवंशी, वैभवी चंद्रवंशी ,काव्या जायसवाल तथा प्रतिष्ठा श्री रजक का चयन हुआ है। अपने इन होनहार विद्यार्थियों के चयन से गुरुकुल परिवार ने हर्ष व्याप्त है। प्राचार्य मनोज कुमार राय ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे इन विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में निश्चित ही विद्यालय के शिक्षक -शिक्षिकाओं का परिश्रम व समर्पण निहित है। शाला संचालन समिति के अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारीगण ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की है।









### मंदिरों में नवरात्रि पर ज्योति कलश स्थापित

**उतई।** नगर पंचायत उतई क्षेत्र सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा और भक्ति का पर्व चैत्र नवरात्रि पूरे उल्लास के साथ मनाया जा रहा है,नगर के सिद्धेश्वरी दुर्गा शीतला मंदिर,बंजारी मंदिर,गायत्री मंदिर, बूढ़ादेव गोंडवाना मंदिर,श्री राम दरबार हनुमान मंदिर सभी जगहों पर ज्योति कलश स्थापित किए गए है। मंदिरों में भक्तों की लगी भीड़ ।

## संक्षेप

### मखियार वाल्मिकी समाज महिला समिति ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**डोंगरगढ़,20 मार्च।** मखियार वाल्मिकी समाज महिला समिति, डोंगरगढ़ के तत्वाधान में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह एवं गरिमा के साथ किया गया। यह आयोजन पखवाड़ा कार्यक्रम के रूप में स्थानीय राजस्थान होटल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया



और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान महिलाओं द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए गए तथा मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विजेता महिलाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने आपसी सहयोग, एकता और सौहार्द का संदेश देते हुए मिलकर आनंदपूर्वक समय व्यतीत किया। साथ ही किटी पार्टी के माध्यम से आपसी मेलजोल को और सुदृढ़ किया गया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता बघेल, उपाध्यक्ष सपना बघेल, सचिव पूजा बघेल सहित सदस्यगण—दिया बघेल, सुनैना बघेल, रंजनी रणशोर, सरोजिनी रणशोर, रोशनी रगड़े, साक्षी रगड़े, रत्ना रगड़े, निर्मला महानंद आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

### सफाई कर्मियों की मौत पर डोंगरगढ़ में उबाल

**डोंगरगढ़ ,20 मार्च।** राजधानी रायपुर के निजी रामकृष्ण केयर अस्पताल में सीवरेज टैंक की सफाई के दौरान तीन सफाई 1000 कर्मचारियों की दम घुटने से हुई दर्दनाक मौत के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। इस घटना को लेकर डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर वंचित शोषित समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। संगठन के प्रदेश सचिव नरेश करसे के



नेतृत्व में बुधवार को डोंगरगढ़ अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम एक ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। यह दुर्घटना नहीं, बल्कि इरादतन हत्या है। प्रेस को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव नरेश करसे ने तीखे शब्दों में कहा कि एक ओर पूरा देश स्वच्छ भारत मिशन का उत्सव मना रहा है, वहीं दूसरी ओर स्वच्छता के प्रहरियों को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के मौत के कुएं (सीवर) में उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा, भले ही ये कर्मचारी निजी ठेके पर थे, लेकिन एमएस एक्ट 2013 के तहत अस्पताल प्रबंधन मुख्य रूप से जिम्मेदार है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी करना केवल लापरवाही नहीं, बल्कि इरादतन हत्या की श्रेणी में आता है। संगठन की प्रमुख मांगें जिनमें अस्पताल के डायरेक्टर, प्रबंधन और ठेकेदार पर हत्या (धारा 302/304), एससी/एसटी एक्ट और एमएस एक्ट के तहत तत्काल मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए।

### मां बम्लेश्वरी मंदिर मेले में 350 दुकानों का किया गया आवंटन

**डोंगरगढ़ ,20 मार्च।** नवरात्रि के अवसर पर मां बम्लेश्वरी मंदिर मेला ग्राउंड में नगर पालिका द्वारा मीना बाजार समेत लगने वाली दुकानों का निर्माण और आवंटन कर दिया गया है। मेला में खाद्य पदार्थ, कपड़े, घरेलू सामान और अन्य सामग्री की दुकानों की व्यवस्था की गई है। नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने मेला स्थल का



निरीक्षण किया और दुकानों की साफ-सफाई, पानी और बिजली की पर्याप्त व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश कर्मचारियों को दिए। उनका कहना था कि मेला में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर पालिका से मिली जानकारी के अनुसार, मेला भर के लिए 350 दुकानों का आवंटन किया गया है, जिनमें से 150 से अधिक दुकाने फुटपाथ में लगाई जाएंगी। इन दुकानों में लाइट की व्यवस्था भी की गई है। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष के साथ पार्षद हरीश मोटघारे, सुमित ताम्रकार, शिवांगी साखरे, नगर पालिका के विजय कोटांगले और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### मधुमक्खी पालन पर सात दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**रायपुर ,20 मार्च।** कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड के सहयोग से "मधुमक्खी पालन पर सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम" का शुभारंभ 18 मार्च 2026 को किया गया। यह प्रशिक्षण 18 से 24 मार्च 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में कबीरधाम जिले के विभिन्न ग्रामों पोलमी, बोड़ला, कुकदुर, भंगीटोला एवं लखनपुर से कुल 28 प्रशिक्षणार्थी को सात दिनों तक कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# जशपुर को विकास की नई सौगात :6 विकास कार्यों का भूमिपूजन

रायपुर,20 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़




मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज जशपुरनगर में पुलिस लाइन हेलीपैड के समीप कुल 19 करोड़ 51 लाख 78 हजार रुपए की लागत से 6 महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन कर क्षेत्र को विकास की नई सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। मुख्यमंत्री श्री साय ने नगर पालिका जशपुर के वार्ड क्रमांक 18 भागलपुर में 35.46 लाख रुपए की लागत से मुक्तिधाम निर्माण कार्य तथा वार्ड क्रमांक 16 में 6.76 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक ऑडिटोरियम निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इन परियोजनाओं से शहरवासियों को बेहतर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने जशपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को सुगम एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से चार प्रमुख सड़कों के निर्माण कार्यों का भी भूमिपूजन किया। इनमें 2.89 करोड़ रुपए लागत से चटकपुर-रेंगारबहार मार्ग, 3.01 करोड़ रुपए लागत से कुनकुरी-औरीजोर-मतलूटोली-पटेल पारा मार्ग, 3.29 करोड़ रुपए लागत से रानीबंध-चिड़ाटांग-उपरकछार मार्ग तथा 3.18 करोड़ रुपए लागत से धुरीअम्बा-कटुखोसा मार्ग का निर्माण शामिल है। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बेहतर होगी और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार और ग्रामीण अंचलों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को नई दिशा और गति मिलेगी। इस अवसर पर विधायक श्रीमती गोमती साय, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री यश प्रताप सिंह जूदेव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# नौकरी के नाम पर बंधक बनाकर ठगी, कार्रवाई न होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

डोंगरगढ़ ,20 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़




धर्मनगरी और आसपास के क्षेत्रों में सरकारी कारी नौकरी लगाने के नाम पर ठगी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला खैरागढ़ निवासी अग्रवाल परिवार से जुड़ा है। जिसमें प्रार्थी ने बेलगांव निवासी एक युवक पर बंधक बनाने और हजारों रुपये ऐंठने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना के एक सप्ताह बाद भी एफआईआर दर्ज न होने से परेशान परिजन अब जिला पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के पास जाने की तैयारी कर रहे हैं। प्रार्थी विनायक शैलेश अग्रवाल ने थाना प्रभारी संतोष जायसवाल को सौंपे शिकायती आवेदन में बताया कि बेलगांव निवासी नवीन गोस्वामी ने उसे नौकरी का झांसा दिया और 22 फरवरी को अपने साथ रायपुर के तेलीबांधा ले गया। वहां डरा धमकाकर पहले 3500 रुपये हड़प लिए। जब विनायक ने काम के बारे में पूछताछ की, तो उसे भरोसा रखने की बात कहकर टाल दिया गया। बाद में नवीन और उसके साथियों ने विनायक को डराकर घर जाने से रोक दिया और बंधक बना लिया। अब एसपी से न्याय की गुहार आरोप है कि नवीन ने विनायक को धमकी दी कि यदि उसने तुरंत 8500 रुपये लाइसेंस बनवाने के लिए नहीं दिए, तो नौकरी किसी और को मिल जाएगी। विनायक ने डर के मारे घर फोन कर ऑनलाइन पैसे मंगवाए और नवीन को दिए। पैसे मिलने के बाद नवीन ने विनायक का फोन छीन लिया और उसे घर पर सच बताने से रोकने लगा। विनायक ने किसी तरह छुपकर अपने परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद उसके पिता ने रायपुर में कार्यरत देवेश सोलंकी से संपर्क किया। देवेश ने मौके पर पहुंचकर विनायक को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया और सुरक्षित वापस लाया। प्रार्थी के परिजनों का कहना है कि उन्होंने सारे साक्ष्य पुलिस को सौंप दिए हैं, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। एसडीओपी कार्यालय से भी उचित प्रतिक्रिया न मिलने पर अब परिजन राजनांदगांव एसपी से मिलकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग करेंगे।

# प्रदेश के विकास में सबसे बड़ी बाधा नक्सलवाद को डबल इंजन की सरकार ने किया दूर : मुख्यमंत्री

**रायपुर 20 मार्च.** छत्तीसगढ़ की हमारी धरती सघन वन, प्राकृतिक संसाधन, खनिज संपदा के विपुल भंडार, लोक संस्कृति की अमूल्य विरासत और नैसर्गिक सौन्दर्य का अद्भुत संगम है। इस सुंदर धरती के विकास की सबसे बड़ी बाधा नक्सलवाद को हमारे डबल इंजन की सरकार ने अब दूर कर दिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में नेशनल डिफेंस कॉलेज के सैन्य एवं सिविल सेवा अधिकारियों के अध्ययन दल से मुलाकात कर आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने देश-विदेश से आए अधिकारियों का स्वागत करते हुए शाल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। अध्ययन दल का नेतृत्व कर रहे एयर कमोडोर अजय कुमार चौधरी ने छत्तीसगढ़ प्रवास के अनुभव साझा करते हुए राज्य की भौगोलिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक विशेषताओं की सराहना की। उन्होंने मुख्यमंत्री को सैन्य स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सघन वनों, खनिज संपदा, समृद्ध लोक संस्कृति और नैसर्गिक सौंदर्य का अद्वितीय संगम है। उन्होंने बताया कि राज्य का लगभग 46 प्रतिशत भू-भाग वनों से आच्छादित है, जिसमें "एक पेड़ मां के नाम" अभियान और कैम्पा योजना का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। श्री साय ने कहा कि राज्य खनिज संसाधनों से परिपूर्ण है—कोयले से लेकर हीरे तक यहां उपलब्ध हैं। छत्तीसगढ़ वर्तमान में विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में सरप्लस राज्य है, जहां लगभग 30 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों में ऊर्जा क्षेत्र में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए है, जिससे आने वाले समय में इतनी ही अतिरिक्त उत्पादन क्षमता विकसित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से अब नक्सल समस्या समाप्ति की ओर है। इससे प्रदेश में शांति और विकास की गति और तेज होगी। कृषि क्षेत्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को "धान का कटोरा" कहा जाता है और यहां किसानों के लिए प्रभावी धान खरीदी नीति लागू है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में "महतारी वंदन योजना" का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि इसके तहत 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि महिलाओं को प्रदान की जा चुकी है। इसके अलावा 05 लाख 30 हजार से अधिक भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष 10 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति, खान पान, रीति रिवाज परंपरा पर खुलकर बातें कीं और अपने राजनीतिक और सामाजिक अनुभव भी उनके साथ साझा किए।

# जगदलपुर में एथलेटिक्स और अंबिकापुर में कुश्ती की प्रतियोगिताएं होंगी

**रायपुर. 20 मार्च.** छत्तीसगढ़ में आयोजित हो रहे खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स में देशभर के जनजातीय खिलाड़ी सात खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। इसमें देश के 32 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के करीब 3000 खिलाड़ी भागीदारी करेंगे। आयोजन के दौरान पुरुष एवं महिला वर्गों में राजधानी रायपुर में पांच खेलों तथा बस्तर संभागीय मुख्यालय जगदलपुर और सरगुजा संभागीय मुख्यालय अंबिकापुर में एक-एक खेल होंगे। इसमें छत्तीसगढ़ के कुल 164 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें 86 पुरुष और 78 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। तीनों शहरों में नेशनल ट्राइबल गेम्स के लिए चिन्हांकित खेल स्थलों व मैदानों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार तैयार करने का काम जोरों पर है। रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय फुटबॉल मैदान और स्वामी विवेकानंद एथलेटिक्स स्टेडियम कोटा में फुटबॉल की प्रतियोगिताएं होंगी। रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में हॉकी की स्पर्धाएं होंगी। वहीं रायपुर के अंतरराष्ट्रीय स्वीमिंग पूल में तैराकी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग संचालनालय के ओपन मैदान में तीरंदाजी तथा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ओपन ग्राउंड में वेट-लिफ्टिंग की प्रतियोगिताएं संपन्न होंगी। जगदलपुर के धरमपुरा क्रीड़ा परिसर में एथलेटिक्स और अंबिकापुर के गांधी स्टेडियम में कुश्ती की प्रतियोगिताएं होंगी। खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स में देश के दो परंपरागत खेलों कबड्डी और मलखंब को भी डेमो गेम्स के रूप में शामिल किया गया है। कबड्डी की स्पर्धाएं रायपुर के सरदार बलबीर सिंह इंडोर स्टेडियम और मलखंब का प्रदर्शन अंबिकापुर के गांधी स्टेडियम में होगा।



# कर्मा जयंती पर बनसांकरा में भव्य आयोजन झांकी-पंडवानी के साथ रक्तदान शिविर

सिमगा ,20 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़



ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बनसांकरा में कर्मा जयंती का आयोजन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। इस अवसर पर पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत JMD धूमल की गूंज के साथ भव्य कलश यात्रा निकालकर की गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा के दौरान मां कर्मा माता की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसने ग्रामीणों का मन मोह लिया। पूरे मार्ग में भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इसके बाद आयोजित पंडवानी कार्यक्रम ने देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा, जहां कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथियों ने मां कर्मा माता के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज को एकजुट रहने और अपनी संस्कृति को सहेजने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने इस तरह के आयोजनों को सामाजिक समरसता और परंपराओं को जीवित रखने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष सुनील साहू उपस्थित रहे। उनके साथ जिला उपाध्यक्ष राजाराम साहू, जिला महिला उपाध्यक्ष संध्या साहू, जिला संगठन सचिव सुशील साहू, जिला महिला संगठन सचिव अनुपमा साहू, तहसील अध्यक्ष रामनाथ साहू, तहसील उपाध्यक्ष भुवन लाल साहू, तहसील सचिव धनेश्वर साहू, सिमगा ग्रामीण परिक्षेत्र के शेषनारायण साहू, भाटापारा नगर अध्यक्ष राजेश साहू, तहसील मीडिया प्रभारी ओंकार साहू, पूर्व दामाखेड़ा परिक्षेत्र अध्यक्ष हेमलाल साहू, सिमगा तहसील सचिव बिसाहू साहू, सचिव विरेंद्र साहू, लक्ष्मण परिक्षेत्र सचिव नेतराम साहू, जनपद सदस्य सुरेश साहू, जनपद सदस्य जितू बंजारे, बनसांकरा ग्राम अध्यक्ष मनोज लीलाधर साहू सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा सिमगा ग्रामीण कोषाध्यक्ष लेखराम साहू, सरपंच राहुल ठाकुर, बनसांकरा ग्रामीण उपाध्यक्ष हरेंद्र साहू, सचिव योगीराम साहू तथा युवा कार्यकर्ता केवल साहू और कुंदन साहू,यशवंत साहू, सोमू साहू,हेमंत साहू,नारायण साहू,हुमन साहू,सोनू साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए।

# धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 से अवैध धर्मांतरण पर सख्त नियंत्रण के साथ ही आस्था और सामाजिक समरसता को मिलेगा बल: मुख्यमंत्री

**रायपुर 20 मार्च.** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 पारित किए जाने को राज्य की सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक संतुलन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया है।



उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए माँ दुर्गा से प्रदेश की समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पिछले कुछ समय से समाज के कमजोर वर्गों को निशाना बनाकर प्रलोभन, दबाव अथवा भ्रम फैलाकर धर्मांतरण कराने की घटनाएं सामने आती रही हैं, जिससे सामाजिक ताने-बाने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि नए विधेयक के लागू होने से ऐसी प्रवृत्तियों पर प्रभावी अंकुश लगेगा और समाज में संतुलन तथा विश्वास कायम रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब धर्म परिवर्तन से जुड़ी किसी भी प्रक्रिया को विधिसम्मत और पारदर्शी बनाना अनिवार्य होगा। इसके तहत संबंधित पक्षों को पूर्व में ही प्राधिकृत अधिकारी को सूचित करना होगा, जिसके बाद आवेदन की सार्वजनिक सूचना जारी कर निर्धारित समयसीमा में उसका परीक्षण किया जाएगा। यह प्रक्रिया सुनिश्चित करेगी कि धर्मांतरण किसी भी प्रकार के प्रलोभन, दबाव या अनुचित प्रभाव के बिना ही किया जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि पूर्व में लागू कानून अपेक्षाकृत कम प्रभावी था, जिसके कारण अवैध गतिविधियों को रोकने में अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई। नए प्रावधानों में कठोर दंडात्मक व्यवस्थाएं जोड़ी गई हैं, जिससे ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई संभव होगी।

उन्होंने कहा कि अनियंत्रित धर्मांतरण से कई बार सामाजिक असंतुलन और अशांति की स्थिति उत्पन्न होती है। इस विधेयक के माध्यम से राज्य में शांति, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा को और सुदृढ़ किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर स्वर्गीय श्री दिलीप सिंह जूदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने धर्मांतरण के विरुद्ध जनजागरण का जो अभियान चलाया, वह आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि समाज की जागरूकता और सहभागिता से ही इस दिशा में स्थायी सकारात्मक परिवर्तन संभव है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह विधेयक प्रदेश में पारदर्शिता, न्याय और सामाजिक एकता को मजबूती देगा तथा छत्तीसगढ़ को एक सशक्त, संतुलित और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राज्य के रूप में स्थापित करेगा।

# निर्धारित लक्ष्य से कम राजस्व वसूली किये जाने पर जवाबदारी तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी:आयुक्त



रायपुर ,20 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप ने नगर निगम रायपुर की राजस्व वसूली की गहन समीक्षा कर नगर निगम के हित में सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए.आयुक्त ने अब तक की राजस्व वसूली की जोनवार और वार्डवार समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य से कम राजस्व वसूली किये जाने पर जोन 8,9,10 राजस्व विभाग को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए.आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों को रायपुर नगर निगम के हित में निर्देशित किया है कि अब तक जिन प्रापर्टी आईडी से राजस्व वसूली नहीं हुई है, उन सबका विवरण सूची बनाकर नगर निगम राजस्व विभाग के पास भेजा जाना सोमवार 23 मार्च तक सुनिश्चित कर लेवें.आयुक्त ने कहा कि निर्धारित लक्ष्य से कम राजस्व वसूली किये जाने पर जवाबदेही तय कर कड़ी कार्यवाही की जाएगी. दिनांक 31 मार्च 2026 तक नगर निगम रायपुर के हित को सर्वोपरि मानकर सभी 10 जोनों की राजस्व विभाग टीमें अपर आयुक्तगणों और उपायुक्तगणों सहित जोन कमिश्नरों और जोन सहायक राजस्व अधिकारियों के मार्गनिर्देशन में अधिकाधिक राजस्व वसूली नगर निगम रायपुर के लिए हर हाल में किया जाना सुनिश्चित करें. नगर निगम मुख्यालय भवन में आयुक्त द्वारा की गयी राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक में नगर निगम अपर आयुक्त सर्वश्री लोकेश्वर साहू, पंकज के. शर्मा, विनोद पाण्डेय, श्रीमती कृष्णा खटीक, उपायुक्त श्रीमती जागृति साहू, आईटी विशेषज्ञ श्री रंजीत रंजन, सभी जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं, सभी जोनों के सहायक राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## अमरीका को ना कहना भी बड़ी बात है

विश्व राजनीति में अमरीका का ऐसा दबदबा हुआ करता था कि उसके सहयोगी देश समेत कोई देश उसको ना कहने की हिम्मत नहीं करता था.अमरीका ने जो कह दिया उसे मानना पड़ता था,मजबूरी में मानना पडता था।अमरीका जो कह देता था,वही ठीक माना जाता था, वही सच माना जाता था। वह कई देशों का रक्षक होने के साथ ही विश्व शांति व विश्व में लोकतंत्र का भी रक्षक माना जाता था।वह जो कुछ करता था, उसे विश्व शांति,विश्व में लोकतंत्र की स्थापना व मजबूती के लिए किया काम माना जाता था। इसकी आड़ में चाहे वह किसी देश की चुनी हुई सरकार का तख्ता पलटवा दे। किसी देश में सैन्य कार्रवाई कर दे।सुप्रीम लीडर की हत्या करवा दे। किसी देश के राष्ट्रपति को रातो रात पकड़कर अमरीका ले आए।पहली बार विश्व इतिहास में ऐसा हुआ कि अमरीका ने चीन सहित नाटो देशों से अमरीका ने सहयोग करने को कहा लेकिन सबने ना कह दिया और यह पहली बार हुआ कि कई देशों ने अमरीका को ना कहा है। अमरीका अब तक जो ठीक समझता है, वह करता आया है और अकेले करता आया है।डंके की चोट पर करता आया है।ट्रंप ने सोचा था जैसा और अमरीकी राष्ट्रपति करते आए हैं,वह भी कर सकते हैं लेकिन वह भूल गए कि अमरीका के दूसरे राष्ट्रपतियों व उनमें जो फर्क है,वह फर्क उन्होंने खुद पैदा किया है। पहले के राष्ट्रपति खुल हाथ से सहयोगी देशों को पैसा देते थे,उनकी सुरक्षा के लिए पैसा खर्च करते थे।उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते थे,अमरीकी सुरक्षा छतरी के नीचे किसी देश के होने के मतलब होता था कि उसकी सुरक्षा की गारंटी है। यानी कोई देश उन पर हमला नहीं कर सकता।ट्रंप ने राष्ट्रपति बनने के बाद सहयोगी देशों की सुरक्षा के लिए पैसा खर्च करने से मना कर दिया है।उल्टे उनसे पैसा खर्च करने को कह रहा है, टैरिफ लगाकर उनसे पैसा वसूलने का काम कर रहा है।यह बात विश्व के सारे देशों को नागवार गुजरी है और यही वजह है कि अब वह अमरीका से अलग अपना हित किसमें है, यह देख रहे हैं और वैसे फैसले कर रहे हैं। अमरीका के विश्वव्यापी दबदबे के वहम में ट्रंप ने ईरान के खिलाफ सैन्य हमले का फैसला करते वक्त अन्य देशों के साथ व्यापक कूटनीति समन्वय से दूरी बनाए रखी यानी सहयोगी देशों से इस मामले में बात तक नहीं की,उनसे राय तक नहीं ली और सैन्य कार्रवाई को जरूरी मानते हुए कार्रवाई कर दी।सैन्य कार्रवाई के पहले राजनयिक तैयारी की जाती है, वह भी नहीं की गई। आज जब भी दुनियां में कही भी युध्द होता है तो उसके आर्थिक व भू-राजनीतिक परिणाम होते है यह जानते हुए ट्रंप ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने का जोखिम उठाया और मान लिया कि इसके लिए विश्व के देश उनकी वाहवाही करेंगे।ऐसा नहीं हुआ है। कई देश ईरान में सैन्य कार्रवाई को गलत बता रहे है,अमरीका की ऐसी गलती बता रहे हैं जिससे दुनिया के ज्यादातर देशों को कई तरह की परेशानी हो रही है। ईरान पर सैन्य हमले के बाद आज जब आर्थिक व भू-राजनीतिक परिणाम सामने आ रहे हैं तो ट्रंप को एहसास हो रहा है कि अब स्थिति को संभालना उनके बस की बात नहीं रह गई है,खासकर होर्मूज स्ट्रेट में ईरान की नाकेबंदी के कारण गैस,तेल की आवाजाही बंद होने का असर अमरीका सहित पूरी दुनिया पर बुरा पड़ रहा है।सभी देशो में पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ गए हैं। इसे कम करना अमरीका के अकेले के बस की बात नहीं है। यह दाम तब ही कम हो सकते हैं जब होर्मूज स्ट्रेट से गैस,तेल की सामान्य आवाजाही हो। गैस तेल की आवाजाही को अमरीका अकेले सामान्य नहीं कर सकता आज अमरीका को इस बात का एहसास हो रहा है यही वजह है कि चीन सहित जर्मनी,स्पेन, आस्ट्रेलिया,जापान,ब्रिटेन आदि देशों से सहयोग करने यानी होर्मूज स्ट्रेट की सुरक्षा के लिए युद्धपोत भेजने का कहा तो किसी देश ने हां नहीं कहा।सभी ने ट्रंप को सहयोग करने से मना कर दिया और साफ कह दिया कि वह इस युध्द में शामिल नहीं होंगे। इस पर नाराज ट्रंप ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि उन्होंने सात देशों से होर्मूज स्ट्रेट की सुरक्षा के लिए युध्दपोत भेजने को कहा था ताकि वैश्विक तेल प्रवाह न रुके।उन्होंने कहा था कि मैं उन देशों से मांग करता हूं कि वे आगे आएं और अपने क्षेत्र की सुरक्षा करें क्योंकि यह उनका क्षेत्र है।यही नहीं ट्रंप होर्मूज स्ट्रेट खलुवाने के लिए चीन पर भी दवाब डाल रहे हैं।उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा है कि पं.एशिया के तेल पर चीन की निर्भरता का मतलब है कि उसे उस नए गठबंधन की मदद करनी चाहिए जिसे वह तेल टैंकरों की होर्मूज स्ट्रेट से आवाजाही फिर से शुरू कराने की कोशिश में आगे बढा रहे हैं।उन्होंने कहा है कि हम चीन दौरे से पहले यह जानना चाहते हैं कि क्या बीजिंग मदद करेगा। बीजिंग मदद नहीं करता है तो हम चीन का दौरा टाल सकते है। ज्ञात हो कि ट्रंप का ३१ मार्च से २ अप्रैल तक चीन का दौरा निर्धारित है।मध्य पूर्व के देश चाहते हैं कि जल्द युध्द विराम हो लेकिन खामनेई के मारे जाने के बाद,जूनियर खामनेई के घायल होने, लारिजानी व सुलेमानी के मारे जाने से स्थिति और बिगड़ गई है,युध्द से सिर्फ नुकसान हो रहा है और सबको नुकसान हो रहा है फिर भी जो देश युध्द में फंसे हुए उनके निकलने की जल्द कोई उम्मीद तो दिखती नहीं है।

**राजनीति**

# हाशिए से वापसी की आहट: क्या बदल रही है वरुण गांधी की सियासत?

**अशोक कुमार साहू**

भाजपा में लंबे समय से हाशिए पर चल रहे पूर्व सांसद



वरूण गांधी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हालिया मुलाकात केवल औपचारिक शिष्टाचार थी या इसके पीछे कोई गहरे राजनीतिक संकेत छिपे हैं,यह सवाल राजनीतिक गलियारों में प्रमुख चर्चा का विषय बन गया है। इस मुलाकात ने न सिर्फ उनके व्यक्तिगत राजनीतिक भविष्य को लेकर अटकलों को हवा दी है, बल्कि गांधी परिवार के संभावित पुनर्मिलन की चर्चाओं पर भी फिलहाल विराम लगा दिया है। मुलाकात के बाद वरुण गांधी द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की गई भावनात्मक प्रतिक्रिया विशेष ध्यान खींचती है। प्रधानमंत्री के प्रति ''पितृवत स्नेह और संरक्षण'' जैसे शब्दों का प्रयोग केवल औपचारिक कूटनीति नहीं माना जा सकता, बल्कि इसे एक प्रकार के राजनीतिक संदेश के रूप में भी देखा जा रहा है। भारतीय राजनीति में शब्दों और संकेतों की अपनी अलग भाषा होती है, और इस मुलाकात ने उसी भाषा में कई नए प्रश्न खड़े कर दिए हैं। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में वरुण गांधी भाजपा के भीतर एक 'अलग स्वर' के रूप में उभरे थे। किसान आंदोलन, बेरोजगारी, अग्निवीर योजना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था जैसे मुद्दों पर उन्होंने खुलकर अपनी ही सरकार की आलोचना की। यह रुख उन्हें आम जनता के एक वर्ग के करीब तो ले गया, लेकिन पार्टी नेतृत्व के साथ उनके संबंधों में दूरी भी बढ़ाता गया। यही कारण रहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उनका टिकट काट दिया गया।पार्टी का एक ऐसा निर्णय जिसने उनके राजनीतिक भविष्य को अनिश्चितता के घेरे में ला खड़ा किया।

वरुण गांधी का राजनीतिक सफर भी कम दिलचस्प नहीं रहा है। वर्ष 2004 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा से जुड़ने वाले वरुण ने बहुत कम उम्र में सक्रिय राजनीति में कदम रखा। शुरुआती दौर में वे एक आक्रामक हिंदुत्ववादी छवि के साथ उभरे और 2009 में पीलीभीत से पहली बार सांसद बने। हालांकि, 2016 के बाद उनके राजनीतिक विचारों में एक उल्लेखनीय बदलाव आया और उन्होंने खुद को किसानों, युवाओं और ग्रामीण भारत के मुद्दों से जोड़ना शुरू किया। उनकी पुस्तक 'रूरल मेनिफेस्टो' इसी सोच का प्रतिबिंब है, जिसमें उन्होंने कृषि संकट और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गंभीर चिंतन प्रस्तुत किया। इस बीच उनकी मां मेनका गांधी की राजनीति भी उल्लेखनीय रही।वह 2014 में मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री थी,लेकिन 2019 में सुलतानपुर से सांसद चुने जाने के बाद उन्हे मंत्रिमंडल में जगह नही मिली।सुलतानपुर से सांसद रहते



हुए उन्होंने क्षेत्रीय विकास पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया और पार्टी के केन्द्रीय एवं राज्य नेतृत्व के सीमित राजनीतिक समर्थन के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी कार्य कराए। लेकिन वरुण गांधी के साथ पार्टी नेतृत्व की बढ़ती दूरी का असर मेनका गांधी पर भी पड़ा। उन्हें राष्ट्रीय कार्यसमिति से बाहर किया गया और 2024 में उन्हें भी चुनावी पराजय का सामना करना पड़ा। भाजपा में उपेक्षा के चलते वरुण गांधी की कांग्रेस से संभावित नजदीकियों की चर्चाएं भी तेज हो गई थीं। उनके गांधी परिवार से रिश्ते और खासकर प्रियंका गांधी के साथ उनके अच्छे संबंधों को देखते हुए यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि वे कांग्रेस का रुख कर सकते हैं। हालांकि,राहुल गांधी ने पिछले लोकसभा चुनावों के दौरान ही स्पष्ट किया था कि व्यक्तिगत संबंध अपनी जगह हैं, लेकिन विचारधारात्मक स्तर पर उनके बीच गहरी दूरी है। यही कारण है कि इन संभावनाओं को कभी ठोस आधार नहीं मिल पाया।

साथ ही, सोनिया गांधी के रुख को लेकर भी यह माना जाता रहा है कि वे वरुण और मेनका के कांग्रेस में प्रवेश को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं थीं। इसके पीछे पार्टी के भीतर संभावित शक्ति संतुलन और नेतृत्व को लेकर भविष्य की चुनौतियों की आशंका को एक बड़ा कारण माना जाता है।

इन सभी परिस्थितियों के बीच प्रधानमंत्री मोदी से हुई यह मुलाकात कई मायनों में निर्णायक संकेत देती है। 2024 में टिकट कटने और तमाम अटकलों के बावजूद वरुण गांधी ने भाजपा के खिलाफ कोई खुला मोर्चा नहीं खोला। उनकी यह 'संयमित चुप्पी' अब उनके लिए एक राजनीतिक पूंजी के रूप में देखी जा रही है। वर्तमान में भाजपा संगठन में भी बदलाव की प्रक्रिया चल रही है और नए नेतृत्व के तहत कार्यकारिणी के पुनर्गठन की संभावनाएं हैं। ऐसे में वरुण गांधी के लिए पार्टी में पुनः सक्रिय भूमिका मिलने की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। उनकी वक्तृत्व क्षमता, जनसरोकारों से जुड़ाव और युवाओं के बीच उनकी पकड़ उन्हें एक उपयोगी राजनीतिक चेहरा बना सकती है,यदि पार्टी नेतृत्व उन्हें पुनः अवसर देने का निर्णय लेता है। आखिरकार यह मुलाकात केवल एक व्यक्तिगत शिष्टाचार भेंट नहीं, बल्कि संभावनाओं और संकेतों से भरी एक सियासी घटना है। आने वाले समय में यह स्पष्ट होगा कि यह मुलाकात वरुण गांधी के राजनीतिक पुनरुत्थान की भूमिका बनती है या फिर यह भी भारतीय राजनीति की उन कई घटनाओं में शामिल हो जाएगी, जो चर्चा तो बहुत बटोरती हैं, लेकिन परिणाम सीमित ही देती हैं।

## आज का राशिफल

मेष राशिः कार्यक्षेत्र में आज आपको काफी हद तक सफलता हासिल होगी। आज का दिन कुछ मिले-जुले प्रभाव वाला रहने वाला है। कुछ समय से चल रही किसी उलझन से आज राहत मिलेगी। आध्यात्मिक और धार्मिक गतिविधियों में कुछ समय बिताना आपको पॉजिटिव बनाएगा। मेडिकल की पढाई कर रहें छात्रों को सीनियर्स का सहयोग मिलेगा। मां दुर्गा को लौंग अर्पित करें, आपाके साथ सब ठीक होगा।

वृष राशिः आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है। आज आपको पहले किये गये छोटे-मोटे कार्यों से पॉजीटिव रिजल्ट मिलेगा। आज आप जीवन की वास्तविकता को समझेंगे। आज किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपना मनोबल बनाए रखेंगे। आज आप शांति और धैर्यपूर्ण तरीके से अपनी बात को रखने का प्रयास करेंगे तो सब ठीक होगा। मां दुर्गा की आरती करें, सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी।

मिथुन राशिः आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज का दिन पारिवारिक रख रखाव तथा सुधार संबंधी कार्यों में बीतेगा। सभी सदस्य आपस में बैठकर एक दूसरे से अपने विचार साझा करेंगे। किसी विशेष काम के प्रति किए गए प्रयासों के लिए उचित परिणाम मिलने के योग हैं। आज अपको किसी करीबी से ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा। मां शैलपुत्री के सामने घी का दिपक जलाये, सब अच्छा होगा।

कर्क राशिः आज करियर के मामले में खुशखबरी मिलेगी। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं उन्हे पुराने किये गये कार्यों में वाहवाही मिलेगी। सफलतायें छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी। आज अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना आपको शारीरिक और मानसिक रूप से ऊर्जावान बनाकर रखेगा। इलेक्ट्रोनिक सामान खरीदना चाहते है तो आज का दिन अच्छा है। मां दुर्गा को मीठे का भोग लगायें, दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

सिंह राशिः आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। आज दोस्तों के साथ फोन पर बात कर के समय बितायेंगे। आज आपके व्यवसाय में स्थिति पहले जैसी ही रहेगी। किसी बाहरी व्यक्ति की वजह से आज आपको अच्छा लाभ होगा। आज काम जल्दबाजी में न करके सोच विचार करेंगे तो आपका काम आसानी से होगा। मां शैलपुत्री का ध्यान करें, रुका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा।

कन्या राशिः आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्यो को पूरा करने में रहेगा। आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी। आज कुछ समय एकांत में बिताएंगे। आज आपको निर्णय लेने में किसी अनुभवी व्यक्ति की सहायता मिलेगी। आज कार्यों में आपको परिवारजनों का सहयोग मिलेगा। आज किसी प्रिय मित्र से भी मुलाकात होगी। महिलाओं को घर के कार्यो से राहत मिलेगी। देवी दुर्गा की उपासना करें, समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

तुला राशिः आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। पिता अपके बिजनेस में आपका सहयोग करेंगे। आज मन मुताबिक काम बनने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के युवाओं को आज रोजगार संबंधी अवसर मिलेंगे। फाइनेंस संबंधी गतिविधियों में किए गए प्रयासों के आज उचित परिणाम सामने आएंगे। लोग आपकी प्रशंसा करेंगे, जिसे आप हमेशा से सुनना चाहते थे। मां शैलपुत्री को फूल अर्पित करें, घर में शांति बनी रहेगी।

वृश्चिक राशिः आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। आज आपकी कार्यप्रणाली में सुधार आएगा। काम की प्रगति के कुछ महत्वपूर्ण अवसर मिल सकते हैं। आज सरकारी कार्यों में को पूरा करने में आपको किसी प्रभावशाली इंसान की भी मदद मिलेगी। आज ऑफिस में मन मुताबिक जिम्मेदारियां भी मिलेंगी। आज बच्चे किसी जरूरी काम में अपनी माता की मदद मागेंगे, जिससे उनके काम पूरे होंगे। मां शैलपुत्री के आगे हाथ जोडें, रूके हुए काम पूरे होंगे।

धनु राशिः आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे, आपकी तारीफ करेंगे। आज अनुभवी लोगों के सानिध्य में रहने का अवसर मिलेगा। कई सकारात्मक पहलुओं की जानकारी भी मिलेगी। आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिये आपका प्रयास सफल होगा। प्रॉपर्टी से संबंधित काम संपन्न होगा। बच्चे आज आपके साथ खेलने की जिद्द करेंगे। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। मां शैलपुत्री के सामने कपूर जलाए, आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

मकर राशिः आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। आज आपकी दैनिक आय पहले से बेहतर होगी। अपने कॉन्टैक्ट मजबूत रखें। किसी भी नए काम को शुरू करने में जल्दबाजी न करें। इस राशि के युवाओं को करियर संबंधी शुभ समाचार मिलने के योग हैं। आज आपको पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। मां शैलपुत्री को इलायची अर्पित करें, जीवन में खुशियों की प्राप्ति होगी।

कुंभ राशिः आज का दिन शानदार रहने वाला है। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगों को आज बड़ा मुनाफा होगा। आज आपका रिश्तों के प्रति आदर-सम्मान करना आपसी रिश्ते को और अधिक मजबूत करेगा। आज बच्चों के समक्ष आप श्रेष्ठ अभिभावक साबित होंगे। अपने कार्यों से संबंधित नीतियों पर सोच-विचार करने से आप सकारात्मक परिणाम हासिल करेंगे। आज ऐसी पुरानी चीज आपके हाथ लग सकती है, जिसे पा कर आपको खुशी महसूस होगी। मां दुर्गा को चुनरी चढायें, करियर में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे।

मीन राशिः आज का दिन खुशियां लेकर आया है। बिजनेस में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका विशेष योगदान रहेगा । मित्रों तथा रिश्तेदारों के साथ मेल-जोल बढ़ेगा। आपके व्यक्तित्व और आत्मविश्वास में निखार आएगा। जीवनसाथी आज आपको प्रसन्न होने की वजह देंगे। मां दुर्गा को नारियल अर्पित करें, जीवन में चल रही परेशानियां खत्म होगी।

**गंभीर मुद्दा**

# बेगुनाह बचपन को झुलसा रहा है युद्ध का बारूद

**मनोज कुमार अग्रवाल**

दुनिया भर में हर संघर्ष में सबसे बड़ी मार



बचपन पर पड़ रही है चाहे इजरायल हमास गाजा का संघर्ष रहा हो चाहे सीरिया लेबनान ईरान में हुए टकराव सबसे बड़ी कीमत बच्चों को चुकानी पड़ रही है। एशिया में बढ़ते युद्ध का सबसे ज्यादा असर बच्चों पर पड़ रहा है.मौजूदा टकराव में कई सौ बच्चे मिसाइल हमलों से मौत की नींद सो चुके हैं जबकि लाखों बच्चे बेघर हो गए हैं वहीं लाखों बच्चों का सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा है उनकी स्कूली शिक्षा में रुकावट आ गयी है और वह दहशत के साए में असुरक्षित जीवन जीने के लिए मजबूर हो रहे हैं। यह सब इक्कीसवीं सदी की कथित शिक्षित विकासशील दुनिया में हो रहा है यह बता रहा है कि दुनिया का इंसान विज्ञान विकास और प्रगति के कितने भी दावे करे लेकिन वह सब बेमानी है जब कथित लोकतांत्रिक और ताकतवर देश दुनिया में हठधर्मी अराजकता फैलाए मनमाने टैरिफ वसूली करे तब दुनिया की अंतराष्ट्रीय संगठन और संस्थाएं सिर्फ बगले झांकने का काम कर रहीं हैं तब तमाम मानवतावादी विचार और मानवाधिकारों की बाते भोथरी और खोखली बेमानी बन कर रह जाती है।

आपको बता दें संयुक्त राष्ट्र की बाल एजेंसी ने चेतावनी दी है कि लगातार बढ़ती हिंसा से लाखों बच्चों की जिंदगी खतरे में पड़ गई है. इसी बीच ईरान के राष्ट्रपति ने भी शांति की बात करते हुए युद्ध खत्म करने के लिए कुछ शर्तें सामने रखी हैं अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमलों की शुरुआत की थी। इस दौरान एक अमेरिकी मिसाइल मीनाब के शजारेह तैयबा स्कूल पर जाकर गिरी थी। इस हमले में 168 बच्चे और 14 शिक्षक मारे गए थे। मरने वालों में ज्यादातर छात्राएं थीं।

इस हमले की पूरी दुनिया में खूब निंदा की गई थी। अमेरिका भी मामले की जांच कर रहा है।दुनिया भर में चर्चा चल रही है कि क्या ये युद्ध अपराध की श्रेणी में आ सकता है? आपको बता दें कि यूनिसेफ ने कहा है कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष से पूरे पश्चिम एशिया में बच्चों की स्थिति बहुत गंभीर हो गई है. एजेंसी के अनुसार 28 फरवरी से अब तक हिंसा में एक हजार एक सौ से ज्यादा बच्चे घायल हुए हैं या उनकी मौत हो गई है. इनमें से लगभग दो सौ बच्चों की मौत ईरान में हुई है. वहीं इक्यानबे बच्चों की



मौत लेबनान में हुई है. इसके अलावा चार बच्चों की मौत इजरायल में और एक बच्चे की मौत कुवैत में हुई है.

रिपोर्ट्स के अनुसार यूनिसेफ ने चेतावनी दी है कि अगर हिंसा इसी तरह बढ़ती रही तो मरने और घायल होने वाले बच्चों की संख्या और बढ़ सकती है. संस्था ने यह भी बताया कि इस संकट के कारण लाखों बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं. शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बाधा के कारण पूरे क्षेत्र में लाखों बच्चे स्कूल से वंचित हो गए हैं, जबकि सैकड़ों हजारों बच्चे लगातार बमबारी के कारण विस्थापित हो गए हैं। अस्पतालों, स्कूलों और पानी और स्वच्छता प्रणालियों सहित नागरिक बुनियादी ढांचे, जिन पर बच्चे का जीवन निर्भर हैं, दोनों पक्षों द्वारा हमले किए गए हैं, उन्हें नुकसान पहुंचाया गया है या नष्ट कर दिया गया है। बच्चों की हत्या और उन्हें अपंग करना, या उन जरूरी सेवाओं पर हमला कर बर्बाद करना, जिन पर बच्चे निर्भर हैं, किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता।लगातार बमबारी के कारण लाखों परिवारों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं और सैकड़ों हजार बच्चे बेघर हो गए हैं.इजराइल लगातार लेबनान पर भी हमले कर रहा है। इस वजह से करीब 8 लाख लोग घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। इनमें 2 लाख से ज्यादा बच्चे हैं। यूनिसेफ ने कहा कि बच्चों की हत्या या उन्हें घायल करना किसी भी हालत में सही नहीं ठहराया जा सकता. संस्था ने यह भी कहा कि बच्चों के लिए जरूरी सेवाओं को नष्ट करना या बाधित करना भी गलत है. यूनिसेफ के अनुसार पूरे क्षेत्र में लगभग बीस करोड़ बच्चे हैं और वे उम्मीद कर रहे हैं कि दुनिया जल्द कदम उठाएगी.

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया है कि हिंसक टकराव की वजह से पूरे मध्य पूर्व क्षेत्र में स्वास्थ्य प्रणालियों पर दबाव बढ़ रहा है और उपचार के लिए सेवाएँ सीमित होती जा रही हैं. लेबनान में हिज़बुल्लाह लड़ाकों और इसराइली सैन्य बलों में लड़ाई के बीच 11 हज़ार से अधिक गर्भवती महिलाएँ प्रभावित हैं और प्रवासी कामगारों के लिए भी जोखिम बढ़ रहे हैं. रिपोर्ट के अनुसार लेबनान में 11,600 महिलाओं पर इस टकराव का असर हुआ है, जिनमें से 4 हज़ार अगले तीन महीनों के दौरान बच्चों को जन्म देंगी. ईरान पर इसराइली व अमेरिकी हवाई हमलों और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई से मध्य पूर्व में भड़के भीषण टकराव ने लेबनान, कुवैत, बहरीन, क़तर, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, ओमान समेत इस क्षेत्र में स्थित अनेक देशों को अपनी चपेट में ले लिया है. ब्रिटिश अखबार गार्डियन ने स्कूल पर हमले का जिक्र करते हुए लिखा है, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में कथित तौर पर हमले के तुरंत बाद का दृश्य दिख रहा है। जली हुई दीवारों से उठता धुआं दिख रहा है और सड़क पर मलबा बिखरा पड़ा है। सैकड़ों लोग घटनास्थल पर जमा है। अखबार लिखता है कि वो बम विस्फोट की रिपोर्ट, मृतकों की संख्या और वीडियो के स्रोत की तुरंत स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका लेकिन फैक्ट चेक संगठन फैक्टनेमेह ने स्कूल परिसर की अन्य तस्वीरों के साथ वीडियो का मिलान किया और निष्कर्ष निकाला कि वीडियो प्रामाणिक है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने भी फुटेज की पुष्टि की है और बताया है कि यह स्कूल का ही है। गार्डियन ने लिखा है कि यह स्कूल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर की बैरक में स्थित लग रहा है। दूसरी ओर कतर के न्यूज आउटलेट अल जजीरा की अरबी सेवा के मुताबिक अमेरिका ने मीनाब की स्कूली छात्राओं की जानबूझकर हत्या की है।

उधर अल जजीरा ने लिखा कि सोशल मीडिया पर इस तबाही की तस्वीरें फैलते ही इसराइल और अमेरिका के अधिकारियों ने इस हमले से खुद को अलग बताने की कोशिश की। अल जजीरा ने लिखा, कुछ इसराइल समर्थित वेबसाइटों और सोशल मीडिया अकाउंट्स ने दावा किया कि यह जगह इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के बेस का हिस्सा थी। लेकिन अल जजीरा की डिजिटल इन्वेस्टिगेशन यूनिट ने एक दशक से अधिक समय के सैटेलाइट चित्रों, हाल के वीडियो, समाचार रिपोर्टों और ईरानी सरकारी बयानों के विश्लेषण से बिल्कुल अलग तस्वीर सामने आती है। जांच के निष्कर्ष बताते हैं कि कम से कम पिछले दस वर्षों से यह स्कूल पास के सैन्य ठिकाने से स्पष्ट रूप से अलग था। जांच यह भी संकेत देती है कि हमले के पैटर्न से उस खुफिया जानकारी की सटीकता पर गंभीर सवाल उठते हैं जिसके आधार पर बमबारी की गई। शांति और मानवाधिकारों की तमाम अवधारणाओं और अंतरराष्ट्रीय कानून व मान्यताओं को दरकिनार कर स्कूली बच्चों और अस्पतालों में इलाज करा रहे रोगियों पर मिसाइल हमले इस खूनी मानसिकता की दरिंदगी भरी गाथा को उजागर कर रहे हैं। अपने स्वार्थ और सनक के चलते कई देशों के सत्ताधारी इंसानियत बेगुनाहों और मजलूमों को दिन रात रौंद कर क्रूरता और वहशीपन का नया इतिहास लिख रहे हैं जिसे आने वाली सदियों तक पीढ़ियां भुगतान करने के लिए मजबूर होगीं।

## सू- दोकू क्र.348

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र347 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

## शब्द सामर्थ्य -348

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | ■ | ■ | 17 | 18 |
| 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | 22 | ■ | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 347 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष्म | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

# विहिप व श्रीराम जन्म उत्सव समिति हनुमान प्रकटोत्सव तक करेगी कार्यक्रमों का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 20 मार्च ।** विश्व हिन्दु परिषद एवं श्रीराम जन्म उत्सव समिति द्वारा आज गुरूवार को प्रेस वार्ता में बताया कि चैत्रशुक्ल प्रतिपदा से नवरात्रि के प्रारंभ से लेकर प्रभु श्रीरामनवमी एवं श्रीहनुमानजी के प्रकोटत्सव तक जिले भर में उल्लासपूर्वक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम नगर एवं ग्रामों में आयोजित किये जायेंगे। इस कार्यक्रम में जिले भर के विभिन्न ग्रामों से एवं वनवासी क्षेत्रों से बहुत बड़ी संख्या में सनातनी, हिन्दु भाई-बहन सपरिवार सम्मिलित होंगे, उन्हें दूर दराजे से आने जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था एवं उनकी भोजन की व्यवस्था भी होगी। वाहनों के पार्किंग के लिए भी समुचित व्यवस्था होगी। जिससे यातायात में व्यवधान न हो । शोभायात्रा में विभिन्न समाजों के द्वारा प्रभु श्रीराम एवं उनके जीवन से संबंधित विभिन्न प्रकार की झांकिया भी सम्मिलित होगी। शोभायात्रा में बस्तर अंचल के विभिन्न क्षेत्रों से नर्तक, वादक दल भी अपने प्रस्तुती देते हुए चलेंगे । नगर के विभिन्न समाजों, संगठनों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा प्रभु श्री राम के शोभा यात्रा का स्वागत चौक चौराहों पर किया जायेगा।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर में 23 मार्च दिन सोमवार को मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी द्वारा विशाल चुनरी यात्रा सीताराम शिवालय से प्रारंभ होकर मां दंतेश्वरी मंदिर में माता को चुनरी समर्पित करके संपन्न होगी । विश्व हिन्दु परिषद बजरंग दल द्वारा 25 मार्च दिन बुधवार को विशाल बाईक रैली दोपहर 2.30 बजे मां दंतेश्वरी मंदिर से प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के सभी वार्डो में भ्रमण करते हुए मां दंतेश्वरी के प्रांगण मे ही संपन्न होगी, यह रैली नगर के सभी नागरिकों को श्रीराम जन्म उत्सव कार्यक्रम को उत्साह के साथ मनाने के लिए आमंत्रित करने के लिए होगी, 27 मार्च शुक्रवार को प्रभु श्रीराम के प्रकोटत्सव को भव्य एवं विशाल रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए दोपहर 3 बजे मां दंतेश्वरी के प्रांगण में सभी सनातनी एकत्रित होंगे। यहां से शोभा यात्रा प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न चौक, चौराहो एवं मार्गो से होते हुए भ्रमण पश्चात पुनः मां दंतेश्वरी के प्रांगण में विधि विधान से पूजा एवं आरती के साथ संपन्न होगी। 29 मार्च रविवार को विश्व हिन्दु परिषद, बजरंग दल, मातृ शक्ति, दुर्गा वाहिनी एवं नगर के प्रमुख प्रतिष्ठत जनों नगर के साफ सफाई में अपना अमूल्य योगदान देने वाले दीदी और भैया लोगों के साथ समरसता भोज में शामिल होंगे और एक साथ भोजन ग्रहण करेंगे । जिले भर के ग्रामों मे नगर के विभिन्न वार्डो में लगभग 200 स्थानों पर रामोत्सव के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जिसमें प्रभु श्रीराम के जीवन के प्रेरक प्रसंगो और विश्व हिन्दु परिषद के गठन एवं कार्यो के विषय रखें जायेंगे, नगर के अलावा ग्रामों में भी बाईक आमंत्रण रैली बजरंगियों द्वारा निकाली जायेगी सभी नगर एवं ग्रामों में भगवा ध्वज बड़ी संख्या में लगायी जायेगी ।

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से हिरण की हुई मौत, बाइक चालक गंभीर



**दंतेवाड़ा, 20 मार्च ।** जिले के गीदम थाना क्षेत्र अंर्तगत नेशनल हाईवे-63 पर गुमरगुंडा के पास आज गुरुवार की दोपहर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक वन्य प्राणी हिरण की मौत हो गई है, बाइक चालक को भी गंभीर चोट आई है। बताया जा रहा है कि पोस्टमार्टम के बाद हिरण के शव का अंतिम संस्कार करने की तैयारी है। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल बाइक चालक को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हिरण अचानक सड़क पर आ गया, जिससे बाइक चालक संभल नहीं पाया और जोरदार टक्कर हो गई। मामले की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर मृत हिरण को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू की। वन विभाग हिरण के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा है। नेशनल हाईवे पर आए दिन जंगली जानवर हादसों का शिकार हो रहे हैं।

### बिहान मिशन में लेखा सह एमआईएस सहायक (संविदा) पद के लिए आवेदन 10 अप्रैल तक

**दंतेवाड़ा, 20 मार्च ।** कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ÷बिहान÷ के अंतर्गत जिला एवं विकासखंड स्तर पर (संविदा नियुक्ति) हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। मिशन संचालक, विकास आयुक्त कार्यालय, नया रायपुर अटल नगर द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार ÷लेखा सह एमआईएस सहायक÷ पद के लिए योग्य अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन केवल रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (पिन कोड 494449) के पते पर भेज सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल 2026, सायं 5 बजे निर्धारित की गई है। इस संबंध में विभाग द्वारा सूचित किया है कि व्यक्तिगत रूप से, ई-मेल अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। साथ ही, निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

# दंतेवाड़ा शक्तिपीठ में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन भक्तों की भीड़ उमड़ी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 20 मार्च।** बस्तर की आराध्य मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा शक्तिपीठ में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन भक्तों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी रही है। दूर दराज से भक्त देवी के दर्शन के लिए पहुंचे हैं। सुबह भीड़ थोड़ी कम थी, लेकिन अब गर्भगृह से लेकर सिंह द्वार तक भक्तों की लंबी कतार लगती दिख रही है। सिर्फ बस्तर से ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्यों से भी भारी संख्या में भक्त माता के दर्शन करने के लिए पहुंचे हुए हैं। मंदिर परिसर में लगे करीब 24 से ज्यादा सीसीटीव्ही कैमरों से मंदिर की हर एक गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भंडारा, दर्शन, पार्किंग और सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाएं पहले से ही की गईं हैं। दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी लोकेंद्र नाथ जिया ने बताया कि आज 19 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो गई है, जो 27 मार्च तक चलेगी। शारदीय नवरात्रि की अपेक्षा चैत्र नवरात्रि में भीड़ थोड़ी कम रहती है, बावजूद इसके भक्तों के लिए सारी व्यवस्थाएं की गईं हैं। भक्तों के लिए खिचड़ी भोग, भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। मां दंतेश्वरी की 9 दिनों तक विशेष पूजा-अर्चना होगी।मां दंतेश्वरी के मंदिर दंतेवाड़ा शक्तिपीठ में इस बार घी-तेल के आस्था के करीब 5 हजार ज्योत जलाने का लक्ष्य रखा गया है। नवरात्र से पहले कई भक्तों ने ऑनलाइन बुकिंग भी करवाई है। मंदिर समिति ने बताया कि पिछली बार चैत्र नवरात्रि में घी के 900 आस्था के ज्योत जले थे। इस बार 1000 जलाने का लक्ष्य था। वहीं पिछली बार तेल के 3000 ज्योत जले थे, जिसे बढ़ाकर 4000 तेल के ज्योत जलवाने का लक्ष्य रखा गया था। वहीं कोई भी भक्त यदि मंदिर में भंडारा करवाना चाहते हैं तो उसके लिए सिर्फ खीर के लिए 5100 रुपए, सिर्फ हलवा के लिए 11000 रुपए, हलवा-पूड़ी के लिए 21000 रुपए और हलवा, पूड़ी और सब्जी के लिए 51000 रुपए निर्धारित किए गए हैं। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए धर्मशाला में डबल बेड रूम का किराया 200 रुपए रखा गया है, जबकि अतिरिक्त व्यक्ति के लिए 50 रुपए देने होंगे। सामान्य हॉल में रुकने के लिए 40 रुपए प्रति व्यक्ति शुल्क तय किया गया है। 10 ग्राम चांदी का सिक्का पिछले साल 2100 रुपए में मिल रहा था, जिसे इस बार बढ़ाकर 4100 रुपए कर दिया गया है। मंदिर में व्हीआईपी दर्शन की व्यवस्था भी रहेगी, जिसके लिए 500 रुपए प्रति व्यक्ति शुल्क तय किया गया है। व्हीआईपी दर्शन करने जाने वाले पुरुष श्रद्धालुओं के लिए मंदिर में प्रवेश के दौरान धोती अनिवार्य रहेगी, जो मंदिर परिसर में उपलब्ध रहेगी। वहीं महिलाओं को सलवार सूट या साड़ी पहनकर ही मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा।

# एनडीसी के अफसरों ने कई जगह जाकर व्यवस्था देखी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 20 मार्च।** छत्तीसगढ़ में नक्सल ऑपरेशन और विकास कार्यों को करीब से समझने के लिए नई दिल्ली स्थित नेशनल डिफेंस कॉलेज के 16 वरिष्ठ अधिकारियों का दल इन दिनों राज्य के दौरे पर है भिलाई पहुंचा, जहां उन्होंने अलग-अलग जगहों का भ्रमण कर यहां की व्यवस्था और कामकाज को देखा और समझा दल ने सबसे पहले भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी प्लांट) का दौरा किया। यहां उन्होंने स्टील उत्पादन की प्रक्रिया को देखा और जाना कि किस तरह यहां बना लोहा देश के विकास में अहम भूमिका निभा रहा है। इसके बाद अधिकारियों ने भिलाई के मेडिकल कॉलेज और भिलाई नगर थाना का भी निरीक्षण किया थाने में उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली, केस सुलझाने के तरीके और सुरक्षा व्यवस्था को समझा इस दौरान अधिकारियों ने शहर में लगे कैमरा सिस्टम, निगरानी व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के तरीकों की भी जानकारी ली। उन्होंने यह जानने की कोशिश की कि यहां पुलिस किस तरह टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर अपराध पर नजर रखती है और मामलों को जल्दी सुलझाती है भ्रमण के बाद सभी अधिकारी पुलिस ऑफिसर्स मेस पहुंचे, जहां उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर दुर्ग संभाग के आयुक्त, कलेक्टर, रेंज आईजी, डीआईजी समेत कई वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे नेशनल डिफेंस कॉलेज के आईपीएस अधिकारी अमनदीप सिंह कपूर ने बताया कि यह दौरा उनके कोर्स का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि उनके कॉलेज में एक साल का नेशनल स्ट्रैटेजी और सिक्योरिटी स्टडीज का कोर्स कराया जाता है, जिसमें देश और दुनिया की सुरक्षा से जुड़े अलग-अलग पहलुओं को समझाया जाता है उन्होंने बताया कि इस दौरे का मकसद छत्तीसगढ़ की आर्थिक सुरक्षा, यहां की मुख्य गतिविधियों और खास तौर पर नक्सल ऑपरेशन को समझना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ जो काम हुआ है, वह काफी अहम है और इसे जानना उनके लिए एक सीख की तरह है अमनदीप सिंह कपूर ने यह भी बताया कि इस दल में सेना के अधिकारी भी शामिल हैं, साथ ही कुछ विदेशी अधिकारी भी इस भ्रमण का हिस्सा हैं। सभी लोग यहां के अनुभव से सीख लेकर अपने-अपने क्षेत्र में इसका उपयोग कर सकेंगे इस दौरे के दौरान अधिकारियों ने बस्तर क्षेत्र का भी भ्रमण किया वे जगदलपुर, कांकेर और कोंडागांव जैसे इलाकों में गए, जहां उन्होंने आदिवासी जीवन, उनकी संस्कृति और खेती से जुड़ी गतिविधियों को देखा। अधिकारियों ने यहां के पारंपरिक कला और रहन-सहन के बारे में भी जानकारी ली उन्होंने छत्तीसगढ़ के स्थानीय व्यंजनों का स्वाद भी लिया और यहां की सांस्कृतिक परंपराओं को करीब से समझा। इस दौरान उन्हें यहां के ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थलों के बारे में भी जानकारी दी गई, जिससे उन्हें राज्य की समृद्ध विरासत के बारे में जानने का मौका मिला अमनदीप सिंह कपूर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जिस तरह विकास के साथ सुरक्षा के क्षेत्र में काम किया है, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि यहां की व्यवस्था और अनुभव उनके लिए काफी मददगार साबित होंगे उन्होंने बताया कि भिलाई में बीएसपी प्लांट का दौरा करना उनके कार्यक्रम का अहम हिस्सा था, क्योंकि यहां की औद्योगिक गतिविधियों को समझना जरूरी था। इससे उन्हें यह समझने में मदद मिली कि राज्य की अर्थव्यवस्था किस तरह आगे बढ़ रही है दौरे के अंतिम दिन यह दल मुख्यमंत्री और राज्यपाल से मुलाकात करेगा। इसके बाद सभी अधिकारी वापस लौट जाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि यह पूरा भ्रमण उनके लिए सीखने का एक बड़ा मौका रहा और यहां से मिली जानकारी उनके काम में आगे मदद करेगी।

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वाली महिला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 20 मार्च।** भिलाई सीएसपीडीसीएल कंपनी में एई पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर 10 लाख रुपए की ठगी करने वाली आरोपी महिला प्रिया देशमुख को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस के मुताबिक महिला ने फर्जी नियुक्ति भी दे दिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 120 (बी) के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की। उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। पद्मनाभपुर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि सेक्टर-7 निवासी पायल (29 साल ) की शिकाय पर कार्रवाई की गई शिकायत के अनुसार 2 अगस्त 2023 को महाराजा चौक स्थित एक दुकान में पायल की मुलाकात प्रिया देशमुख से हुई प्रिया देशमुख ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी (सीएसपीडीसीएल ) में सब इंजीनियर के पद पर नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। उससे 20 लाख रुपए की मांग की। उसके झांसे में पायल ने 10 लाख रुपए की पहली किश्त दिया मंत्रालय में कार्यरत सहयोगी से मिलवाया पद्मनाभपुर टीआई ने बताया कि जब उसे 10 लाख रुपए मिल गए। प्रिया ने अपने सहयोगी रजत गुप्ता से मिलवाया। उसने मंत्रालय में कार्यरत बताते हुए नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। नवम्बर 2023 में रायपुर सर्किट हाउस में पद का फर्जी ज्वाइनिंग लेटर प्रदान किया गया। सच्चाई सामने आने पर पायल ने रकम वापस मांगा, लेकिन प्रिया अनाकानी करने लगी विवेचना के दौरान आरोपिया प्रिया देशमुख को चिन्हित कर 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना से डॉ. शिबानी ने किया लक्ष्य हासिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 20 मार्च।** आज के बदलते दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। बस्तर जिले की डॉ. शिबानी रानी सारंगी ऐसी ही एक प्रेरणादायक शख्सियत बनकर उभरी हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से न केवल अपने डॉक्टर बनने के सपने को पूरा किया, बल्कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना का लाभ उठाकर उद्यमिता के क्षेत्र में भी कदम रखा है। बचपन से ही समाज सेवा का जज्बा रखने वाली डॉ. शिबानी ने कड़ी मेहनत से डेंटल सर्जरी की डिग्री प्राप्त की और ओरल व मैक्सिलोफेशियल सर्जरी में विशेषज्ञता हासिल की, लेकिन पढ़ाई पूरी करने के बाद स्वयं का क्लिनिक स्थापित करना उनके लिए एक बड़ी आर्थिक चुनौती थी।इस मुश्किल घड़ी में डॉ. शिबानी को एक मित्र के माध्यम से जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र जगदलपुर द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जानकारी मिली। उन्होंने तत्काल कार्यालय जाकर ऋण प्रक्रिया को समझा और पंजाब नेशनल बैंक की डिमरापाल शाखा में अपना आवेदन प्रेषित किया। योजना के तहत उन्हें 8 लाख 56 हजार 900 रुपए की ऋण राशि स्वीकृत हुई, जिससे उनके सपनों को धरातल पर आने का रास्ता मिल गया। शासन की ओर से उन्हें 2 लाख 25 हजार 500 रुपए की सब्सिडी (अनुदान) भी प्राप्त हुई, जिससे उनका वित्तीय बोझ काफी कम हो गया।वर्ष 2024 में जगदलपुर के कोठारी कॉम्प्लेक्स स्थित श्रीराम पोलिक्लिनिक में अपने डेंटल क्लिनिक की शुरुआत कर डॉ. शिबानी ने एक सफल चिकित्सक के साथ ही व्यवसायी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। आज उनके क्लिनिक में बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं, और उनका सालाना टर्नओवर 3 से 4 लाख रुपए तक पहुंच गया है।

# एक्सपोजर विजिट से लौटे छात्र-छात्राओं ने कलेक्टर से साझा किए अनुभव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददात




**जगदलपुर, 20 मार्च ।** बस्तर जिले के पीएम श्री विद्यालयों में कक्षा दसवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित एक्सपोजर विजिट शिक्षा और अनुभव का एक यादगार संगम साबित हुई है। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में आयोजित इस विशेष शैक्षणिक भ्रमण से लौटे छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के दल ने हाल ही में कलेक्टर से सौजन्य मुलाकात की। इस आत्मीय चर्चा के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी यात्रा के दौरान सीखे गए गुरों और देखे गए ऐतिहासिक व वैज्ञानिक स्थलों के रोमांचक संस्मरण साझा किए। बच्चों के उत्साह और उनके बौद्धिक विकास को देखते हुए कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने उनकी सराहना की और घोषणा की कि आगामी सत्र में भी जिले के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को देश के अलग-अलग महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण कराया जाएगा, ताकि उनका दृष्टिकोण व्यापक हो सके। इस गरिमामय अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल, सहायक आयुक्त श्री गणेश शोरी, एडीपीओ जयंती कश्यप और नोडल राकेश खापर्डे विशेष रूप से उपस्थित रहे।यह ज्ञानवर्धक यात्रा 9 मार्च से 14 मार्च तक संचालित हुई, जिसमें बस्तर के इन सितारों ने हैदराबाद और विशाखापत्तनम के गौरवशाली इतिहास और आधुनिक तकनीक का बारीकी से अवलोकन किया। हैदराबाद प्रवास के दौरान विद्यार्थियों ने बिरला साइंस म्यूजियम में खगोल विज्ञान और भौतिकी के रहस्यों को समझा, जहाँ प्लैनेटेरियम और डायनासोरियम उनके आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं 1591 में निर्मित ऐतिहासिक चारमीनार की भव्य वास्तुकला को देखकर छात्र भारतीय संस्कृति और शिल्प कला से अभिभूत हुए। इस यात्रा ने उन्हें किताबी ज्ञान से बाहर निकालकर वास्तविक दुनिया की जटिलताओं और उपलब्धियों को समझने का अवसर प्रदान किया। अगला पड़ाव विशाखापत्तनम रहा, जहाँ विद्यार्थियों ने भारत की समुद्री सुरक्षा और नौसेना की शक्ति का साक्षात अनुभव किया। आरके बीच रोड पर स्थित हेलीकॉप्टर म्यूजियम और टीयू-142 एयरप्लेन म्यूजियम के भीतर जाकर छात्रों ने विमानों के इंटीरियर और भारतीय नौसेना के एविएशन इतिहास को करीब से जाना। विशेष रूप से आईएनएस कुरुसुरा सबमरीन म्यूजियम के भीतर पनडुब्बी की कार्यप्रणाली, नौसैनिकों के कठिन जीवन और इंजनों की संरचना को देखना उनके लिए किसी रोमांच से कम नहीं था। इसके साथ ही छात्रों ने एशिया के प्रमुख मत्स्य निर्यात केंद्रों में से एक फिशिंग हार्बर और ईस्टर्न नेवल कमांड के मुख्यालय का भ्रमण कर देश की आर्थिक और रक्षा प्रणाली की मजबूती को समझा।इस सफल एक्सपोजर विजिट में शिक्षक अंबिका प्रसाद वर्मा, गीता यादव, हिमांगिनी पांडे, विभा पांडे और भावना मांडवी के मार्गदर्शन में विद्यार्थी लीकेश्वर पांडे, देविका कश्यप, यशवंत देवांगन, मोनिका देवांगन, खुशी खूंटियां, सागर शर्मा, निधि परिहार और घनशीता सेठिया आदि शामिल थे। इन सभी प्रतिभागियों के लिए यह यात्रा न केवल मनोरंजन का साधन रही, बल्कि इसने उनके भीतर भविष्य के प्रति एक नई दृष्टि और देश सेवा का जज्बा भी पैदा किया है। जिला प्रशासन की यह पहल बस्तर के युवाओं को मुख्यधारा की प्रगति से जोड़ने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रही है।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने पुस्तक दान अभियान रथ को दिखाई हरी झंडी






**जगदलपुर, 20 मार्च (तछसं.)।** बस्तर जिले में शिक्षा और ज्ञान की नई अलख जगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा एक अत्यंत सराहनीय और अनूठी पहल की शुरुआत की गई है। कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में गुरुवार 19 मार्च से पूरे जिले में पुस्तक दान अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया, जिसका मुख्य लक्ष्य घरों की अलमारियों में रखी पुरानी और उपयोगी किताबों को उन जरूरतमंद हाथों तक पहुंचाना है जो संसाधनों के अभाव में ज्ञान की मुख्यधारा से दूर रह जाते हैं। इस पुनीत कार्य के लिए जिला प्रशासन ने समस्त आम जनता, जनप्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारियों और विद्यार्थियों से एक भावुक अपील की है कि वे अपनी पुरानी ज्ञानवर्धक पुस्तकें, महापुरुषों की प्रेरणादायक जीवनियां और सामान्य ज्ञान की किताबें दान कर किसी विद्यार्थी के जीवन की दिशा बदलने।

### कलेक्टर, जनप्रतिनिधियों ने बस्तर हेरिटेज मैराथन के लिए प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**दंतेवाड़ा, 20 मार्च (तछसं.)।** जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग दंतेवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के कुशल मार्गदर्शन में आज लाइवलीहुड कॉलेज कारली से बस्तर हेरिटेज मैराथन दौड़ के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रचार रथ दंतेवाड़ा, कटेकल्याण, बचेली, किरंदुल, गीदम एवं बारसुर क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए जगदलपुर में आयोजित होने वाली बस्तर हेरिटेज मैराथन दौड़ में भाग लेने के लिए युवाओं को प्रेरित करेगा। यह प्रचार अभियान 22 मार्च 2026 तक जारी रहेगा। इस अवसर पर जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला भास्कर, जनपद पंचायत दंतेवाड़ा अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, जनपद पंचायत गीदम उपाध्यक्ष श्री दिनेश कौशल, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जयंत नाहटा, उप पुलिस अधीक्षक श्री नसीर सिद्दीकी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गीदम श्री बलराम ध्रुव उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने जिले से मैराथन में भाग लेने वाले धावकों को शुभकामनाएं देते हुए अधिक से अधिक युवाओं से सहभागिता की अपील की। सहायक खेल अधिकारी श्री प्रदीप सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि मैराथन हेतु पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ है।

### जिला स्तरीय जयपुर फुट कैंप में दिव्यांगों को कृत्रिम अंग मिले



**दंतेवाड़ा, 20 मार्च (तछसं.)।** कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं पुनर्वास हेतु आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय जयपुर फुट कैंप का विगत दिवस सफल समापन हुआ। इस कैंप में कुल 133 दिव्यांगजनों ने पंजीयन कराया, जिनमें से अनेक हितग्राहियों को आवश्यक सहायक उपकरण एवं सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।कैम्प के दौरान 13 हितग्राहियों को नया दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया गया। वहीं 14 लाभार्थियों को सामान्य ट्रायसायकल, 9 को व्हील चेयर, 86 को श्रवण यंत्र, 7 को कैलीपर्स, 7 को बैसाखी तथा 12 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। इस पहल से लाभान्वित व्यक्तियों के जीवन में आत्मनिर्भरता एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ है। कैम्प के प्रथम दिवस में जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री अरविन्द कुंजाम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री रमेश गावड़े,, सहित ग्राम पंचायत गमावाड़ा एवं छोटे तुमनार के सरपंच उपस्थित रहे। कलेक्टर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कैम्प को जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों ने सराहनीय पहल बताया तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर किए जाने की अपेक्षा जताई।

### 25 मार्च तक जमा करने होंगे बजट देयक कोषालय अधिकारी ने जारी किए निर्देश

**जगदलपुर, 20 मार्च ।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के साथ ही सरकारी भुगतानों को समय पर पूरा करने की कवायद तेज हो गई है। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला कोषालय अधिकारी श्री अनिल कुमार पाठक ने बस्तर जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। जारी आदेश के तहत चालू वित्तीय वर्ष के बजट से संबंधित सभी प्रकार के देयक कोषालय या उप-कोषालयों में स्वीकार करने की अंतिम तिथि 25 मार्च तक तय की गई है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने सभी आहरण संवितरण अधिकारियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए यथासंभव जल्द देयक प्रस्तुत करें और 25 मार्च को दोपहर 4 बजे तक हर हाल में जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि तकनीकी मिलान और ई-कुबेर के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके।इस व्यवस्था के अंतर्गत एसएनए स्पर्श के माध्यम से होने वाले भुगतानों के लिए स्वीकृति की अंतिम तिथि 30 मार्च तक रखी गई है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यदि 25 मार्च तक जमा किए गए देयकों पर कोषालय द्वारा कोई आपत्ति लगाई जाती है, तो उनके निराकरण के बाद पुनः प्रस्तुतीकरण पर भी यही समय-सीमा लागू होगी।

### गांजा बेचने वाला गिरफ्तार

**भिलाई, 20 मार्च।** भिलाई शीतला तालाब खेरधा के पास अवैध रुप से गांजा बेचने वाले तस्कर को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से कुल 5 किलो 876 ग्राम गांजा जब्त किया है जब्त गांजे की कीमत 2 लाख 93 हजार रुपए आंकी गई है पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दिलावर अली (38 साल ) निवासी खेरधा बाजार चौक थाना जामुल बताया आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक बोरी में कुल 05 किलो 876 ग्राम गांजा, कीमती लगभग 2 लाख 93 हजार रुपए जब्त किया है जामुल थाने पुलिस आरोपी के विरुद्ध धारा 20 (ख), 27(क) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# पुसौर जनसमस्या निवारण शिविर का लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने उठाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 20 मार्च।** आमजनों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने जिला प्रशासन द्वारा तहसील मुख्यालय पुसौर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिन्होंने अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से कई का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर स्थल पर सुव्यवस्थित पंजीयन काउंटर, हेल्प डेस्क, विभिन्न विभागों के स्टॉल, पेयजल एवं छाया जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई थीं। साथ ही आईटीआई परिसर में टीबी जांच हेतु हैंड-हेल्ड एक्सरे, आधार पंजीयन, लर्निंग लाइसेंस तथा ई-श्रम कार्ड बनाने की विशेष व्यवस्था भी की गई,




जिससे ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाएं उपलब्ध हो सकीं।

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में पुसौर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्री ब्रजेश गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हेमलता चौहान, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानी मोहित सतपथी, गणमान्य नागरिकगण एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे, एसडीएम श्री महेश शर्मा सहित जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने शिविर का अवलोकन कर विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने हितग्राहियों से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति की भी जानकारी ली।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्री ब्रजेश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं क्षेत्रीय विधायक एवं वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी की मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा ऐसे शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आमजनों की समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर हो सके। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हेमलता चौहान ने इसे जिला प्रशासन की सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि सभी विभागों के अधिकारी एक ही मंच पर उपलब्ध हैं, जिससे समस्याओं के समाधान में तेजी आई है।

### विभिन्न योजनाओं से हितग्राही हुए लाभान्वित

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अनेक हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। अपेक्स बैंक द्वारा 5 किसानों को केसीसी, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 6 आयुष्मान एवं 5 वय वंदन कार्ड, 4 टीबी मरीजों को फूड बास्केट, श्रम विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 6 हितग्राहियों को सहायता राशि एवं श्रम कार्ड, शिक्षा विभाग द्वारा 6 दिव्यांग विद्यार्थियों को टैबलेट एवं शिक्षण सामग्री, उद्यान विभाग द्वारा 11 हितग्राहियों को पौध वितरण तथा कृषि विभाग द्वारा 5 किसानों को सम्मान निधि से संबंधित प्रमाण पत्र एवं 6 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। इसके साथ ही अन्य विभागों द्वारा भी हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। स्वास्थ्य शिविर कैम्प में सैकड़ों मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। इसी तरह आयुष विभाग में जरूरतमंदों को निःशुल्क औषधि वितरण किया गया।

### दिव्यांग हितग्राही को मिला संबल, खिले चेहरे

शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा दर्रीपाली निवासी दिव्यांग श्री नरसिंह चौहान को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदान की गई। इसके अलावा अन्य दिव्यांग हितग्राहियों को भी वॉकिंग स्टिक एवं ट्राइसाइकिल वितरित की गई। सहायक उपकरण प्राप्त कर हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

## एक नजर

### जिला अस्पताल में 14-15 वर्ष की बालिकाओं को लगाया जा रहा सर्वाइकल कैंसर का निःशुल्क टीका

**रायगढ़, 20 मार्च।** राज्य शासन के दिशा-निर्देशानुसार जिले में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु विशेष टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश तथा सीएमएचओ डॉ.अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में किरोड़ीमल शासकीय जिला अस्पताल में प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को सर्वाइकल निःशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल ने बताया इस अभियान का उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर के मामलों को कम करना है, क्योंकि यह महिलाओं में होने वाले कैंसर का प्रमुख लखण है। राज्य शासन द्वारा इस गंभीर बीमारी से बचाव के लिए सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन एक सुरक्षित एवं प्रभावी टीका है, जो गर्भाशय ग्रीवा, योनि एवं गुदा से संबंधित कैंसर सहित एचपीवी संक्रमण से जुड़े विभिन्न प्रकार के कैंसर से सुरक्षा प्रदान करता है। इस अभियान के अंतर्गत शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से जन-जागरूकता भी बढ़ाई जा रही है, ताकि अधिक से अधिक बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित किया जा सके। सीएमएचओ ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बालिकाओं का आधार कार्ड लेकर पंजीयन कराकर वैक्सीन लगवाएं और इस अभियान का लाभ लेकर अपने बालिकाओं को इससे सुरक्षित करें।

### विकासखंड परियोजना प्रबंधक एवं क्षेत्रीय समन्वयक संविदा पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद 20 मार्च ।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत जिला प्रकोष्ठ एवं विकासखण्ड के लिए संविदा पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। जिसमें विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक (संविदा) के दो पद एवं क्षेत्रीय समन्वयक (संविदा) के एक पद शामिल है। संविदा नियुक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के तहत किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी 01 अप्रैल 2026 तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के पते पर केवल रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी, आवेदन पत्र का प्रारूप एवं दिशा निर्देश जिले के वेबसाईट https://mahasamund.gov.in तथा जिला पंचायत के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

### शौचालयविहीन हितग्राही ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत में कर सकेंगे आवेदन

**मोहला, 20 मार्च ।** जिले में स्वच्छता को बढ़ावा देने और प्रत्येक पात्र परिवार को शौचालय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत ऐसे परिवारों की पहचान की जा रही है, जिन्हें अब तक व्यक्तिगत शौचालय योजना का लाभ नहीं मिला है। जिला प्रशासन द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में सचिव, रोजगार सहायकों, कोटवारों के माध्यम से मुनादी के माध्यम से एवं डोर-टू-डोर सर्वे कराया जा रहा है। इस सर्वे के जरिए शौचालय विहीन हितग्राहियों की सूची तैयार की जा रही है, ताकि उन्हें योजना से जोड़ा जा सके। चिन्हित हितग्राहियों को सूचित किया जा रहा है कि वे ग्राम पंचायत या जनपद पंचायत कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत करें। आवेदन प्राप्त होने के बाद पात्र हितग्राहियों को शीघ्र ही शौचालय निर्माण का लाभ प्रदान किया जाएगा। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले का कोई भी पात्र परिवार शौचालय सुविधा से वंचित न रहे और क्षेत्र को पूर्णतः स्वच्छ बनाया जा सके। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

### विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार बैंक अकाउंट और मोबाइल नंबर अपडेट कराना अनिवार्य

**मोहला, 20 मार्च ।** जिला प्रशासन ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभान्वित हितग्राहियों से अपील की है कि वे अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज समय पर अपडेट कराएँ। इसमें आधार कार्ड, बैंक अकाउंट और मोबाइल नंबर का सही और एकसमान अपडेट शामिल है। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि इन दस्तावेजों में कोई गलती या अधूरी जानकारी होने पर लाभार्थियों को योजना का लाभ लेने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है जिला प्रशासन ने कहा कि यदि आधार में नाम परिवर्तन या अन्य व्यक्तिगत जानकारी में बदलाव हुआ है, तो उसे तुरंत अपडेट करना आवश्यक है। इसी प्रकार, बैंक अकाउंट में मोबाइल नंबर सही होना बेहद जरूरी है। लाभार्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि आधार और बैंक दोनों में एक ही मोबाइल नंबर दर्ज हो। इससे न केवल प्रधानमंत्री आवास योजना बल्कि अन्य सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी।

# नशा-परिवार और समाज दोनों के लिए हानिकारक




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 20 मार्च।** नशामुक्त भारत अभियान के तहत जिले में नशामुक्ति को लेकर जन जागरूकता एवं सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा नगर निगम रायगढ़ क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 11 को चिन्हांकित कर नशा पीड़ित व्यक्तियों का सर्वे कार्य शुरू किया गया। इस अभियान का उद्देश्य सर्वे के माध्यम से डेटा संकलन कर चिन्हांकित व्यक्तियों का समुचित उपचार एवं पुनर्वास सुनिश्चित करना है। इसके लिए विभिन्न विभागों के समन्वय से कार्य किया जाएगा, जिससे प्रभावित व्यक्तियों को मुख्यधारा में लाया जा सके।

इसी क्रम में 18 मार्च को जोगीडीपा वार्ड 11 में नाटक एवं नुक्कड़ के माध्यम से जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नशामुक्ति का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसे स्थानीय नागरिकों ने सराहा। इस अवसर पर महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्री लाल साहू एवं वार्ड पार्षद श्रीमती अनु सारथी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। महापौर श्री जीवर्धन चौहान ने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जनजागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से लोगों में सकारात्मक बदलाव आएगा और समाज को नई दिशा मिलेगी। सभापति श्री डिग्री लाल साहू ने कहा कि नशा परिवार और समाज दोनों के लिए हानिकारक है। इस अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक कर उन्हें नशे से दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। वार्ड पार्षद श्रीमती अनु सारथी ने कहा कि वार्ड स्तर पर इस तरह की पहल सराहनीय है। इससे प्रभावित व्यक्तियों की पहचान कर उनके उपचार एवं पुनर्वास में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया।

### जिले में शिशु संरक्षण माह अभियान का शुभारंभ

**मोहला, 20 मार्च।** जिले में शिशु संरक्षण माह अभियान का शुभारंभ मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला में किया गया। कार्यक्रम जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अभियान 17 मार्च से 21 अप्रैल तक जिले भर में चलाया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने अभियान का विधिवत शुभारंभ करते हुए शिशु एवं बाल स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला और आमजन से अपील की कि वे अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री एसआर मांडवी ने बताया कि अभियान के तहत शिशुओं को आवश्यक टीकाकरण, विटामिन 'ए' अनुपूरण, आयरन सप्लीमेंटेशन सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

# दिलमोती अगरिया ने मेहनत व हुनर से बदली अपनी जिंदगी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 20 मार्च।** विकासखंड धरमजयगढ़ के ग्राम पंचायत चुहकीमार के आश्रित ग्राम औरानारा की रहने वाली दिलमोती अगरिया आज आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुकी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने हुनर और मेहनत के दम पर न केवल अपनी पहचान बनाई, बल्कि आजीविका का स्थायी साधन भी खड़ा किया।

दिलमोती अगरिया ÷एकता समूह÷ से जुड़ी हुई हैं, जो महामाया संकुल संगठन कुड़ेकेला के अंतर्गत कार्यरत है। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें बैंक लिंकेज के माध्यम से 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मिली। इस राशि का उपयोग करते हुए उन्होंने लोहे का सामान एवं पंखा खरीदा और अपने पारंपरिक कौशल को आजीविका का माध्यम बनाया। आज दिलमोती लोहे से हंसिया, कुल्हाड़ी, तवा, फावड़ा सहित अन्य उपयोगी घरेलू और कृषि उपकरण तैयार कर रही हैं। उनके द्वारा बनाए गए उत्पाद स्थानीय बाजार में पसंद किए जा रहे हैं, जिससे उनकी आय में निरंतर वृद्धि हो रही है, जो उनके परिवार के लिए महत्वपूर्ण सहारा बन चुकी है।

इस सफलता के पीछे सक्रिय महिला संतोषी अगरिया का भी विशेष योगदान है, जिन्होंने दिलमोती को मार्गदर्शन और प्रेरणा दी। समूह की सामूहिक शक्ति और सहयोग से दिलमोती ने यह साबित कर दिया कि सही दिशा और अवसर मिलने पर ग्रामीण महिलाएं भी आत्मनिर्भर बन सकती हैं। दिलमोती अगरिया की यह यात्रा न केवल उनके व्यक्तिगत सशक्तिकरण की कहानी है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि शासन की योजनाएं और महिला समूह मिलकर किस प्रकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दे सकते हैं।

# समस्त देयक कोषालय एवं उपकोषालयों में जमा करने की अंतिम तिथि 25 मार्च

**रायगढ़, 20 मार्च।** वित्त विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 से संबंधित समस्त देयक कोषालय एवं उपकोषालयों में जमा करने की अंतिम तिथि 25 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। एसएनए-स्पर्श से संबंधित भुगतान के लिए देयक स्वीकृति की अंतिम तिथि 30 मार्च 2026 तय की गई है। 25 मार्च के बाद सामान्य देयक स्वीकार नहीं किए जाएंगे। हालांकि, वित्त विभाग से विशेष स्वीकृति प्राप्त प्रकरण, केंद्रांश से संबंधित देयक, विधायकों के स्वत्व, स्वेच्छानुदान मद, राजभवन, विधानसभा एवं न्यायालयों से जुड़े देयकों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। ई-कोष ऑनलाइन एवं ई-पेरोल के माध्यम से देयकों का प्रस्तुतिकरण 27 मार्च तक किया जा सकेगा। कोषालय द्वारा प्राप्त सभी देयकों का निराकरण 30 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से किया जाएगा।जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि 25 मार्च को प्राप्त अंतिम देयकों की जानकारी उसी दिन वित्त विभाग को प्रेषित की जाएगी। वहीं, 27 से 30 मार्च के मध्य किए गए भुगतानों की रिपोर्ट भी 30 मार्च को अनिवार्य रूप से भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि वित्त विभाग द्वारा कार्य विभागों एवं वन विभाग के अधिकारियों को 25 मार्च 2026 को शाम 5.30 बजे के बाद ऑनलाइन भुगतान फाइल जनरेट नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। अत्यावश्यक मामलों में ही पूर्व स्वीकृति के बाद भुगतान किया जा सकेगा।

### अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे कोषालय

28 मार्च (शनिवार) एवं 31 मार्च को कोषालय एवं उपकोषालय खुले रहेंगे, ताकि वित्तीय कार्यों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान भारतीय रिजर्व बैंक का ई-कुबेर पोर्टल भी सक्रिय रहेगा।

**चेकबुक जमा करना अनिवार्य-** जिला कोषालय रायगढ़ ने सभी आहरण अधिकारियों से कहा है कि वे 25 मार्च 2026 को शाम 5 बजे तक अपनी चेकबुक कोषालय में जमा करें। उपयोग किए गए एवं शेष चेकों का पूरा विवरण भी देना होगा। अत्यावश्यक स्थिति में 27 एवं 30 मार्च तक संचालक बजट की स्वीकृति के बाद ही चेकबुक पुनः जारी की जाएगी। साथ ही, जारी सभी चेकों का भुगतान 30 मार्च 2026 तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कोषालय अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों से अपील की है कि वे निर्धारित समयसीमा का पालन करते हुए लंबित देयकों का शीघ्र निराकरण करें, ताकि वित्तीय वर्ष का समापन सुचारू रूप से किया जा सके।

### जिले में एलपीजी सतत उपलब्ध कराया जा रहा

**महासमुंद, 20 मार्च।** जिले में एलपीजी गैस सिलेण्डर की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में जिला प्रशासन एवं विभाग द्वारा लगातार सतत् मॉनिटरिंग की जा रही है। वर्तमान में जिले में कुल 17 गैस एजेंसियां संचालित है जिनके माध्यम से उपभोक्ताओं गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर श्री विनय लंगेह के निर्देश में विभाग द्वारा जिले के गैस एजेंसियों को बैठक में निर्देशित किया गया है कि जो हितग्राही गैस सिलेण्डर लेने आ रहे हैं उन्हें बुकिंग ऑर्डर के आधार पर प्राथमिकता के तौर पर उनको गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराएं। जिला प्रशासन द्वारा जिलें में गैस सिलेण्डर की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु ऑयल कंपनी से लगातार समन्वय कर गैस सिलेण्डर की उपलब्धता सुनिश्चित किया जा रहा है। कस्टमर के बुकिंग करने की समस्या आ रही है के संबंध में ऑयल कंपनी द्वारा भी उपभोक्ताओं के एलपीजी सिलेण्डर बुकिंग हेतु जारी नंबर के साथ-साथ अन्य अतिरिक्त नंबर जारी इंडियन ऑयल कंपनी द्वारा नंबर-8927225667 और 8391990070 जारी किया गया है, जिसमें जाकर उपभोक्ता अपना गैस बुकिंग करा सकते हैं।

# कलेक्टर ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज जून तक पूर्ण करने के दिए निर्देश



**महासमुंद 20 मार्च ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए है कि किसी भी स्थिति में मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण कार्य आगामी जून माह तक पूर्ण किया जाए।

इस दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि मेडिकल कॉलेज भवन का लगभग 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने संतोष व्यक्त करते हुए शेष कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने परिसर में निर्माणाधीन विभिन्न घटकों में मेडिकल कॉलेज भवन, डॉक्टर एवं स्टाफ क्वार्टर, गर्ल्स एवं बॉयज़ हॉस्टल, प्रशासनिक कार्यालय तथा फैकल्टी कार्यालय का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने, समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने तथा कार्य में और अधिक गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करने तथा निर्माण एजेंसी को पर्याप्त श्रमिकों और आवश्यक निर्माण सामग्री उपलब्ध रखने के निर्देश दिए, ताकि कार्य निर्धारित समय में पूर्ण हो सके।निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत खरोरा की सरपंच श्रीमती वीणा चंद्राकर ने किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मेडिकल कॉलेज परिसर के बाहर से अप्रोच रोड निर्माण की मांग रखी। इस पर कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि उक्त कार्य को शासन स्तर पर शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र के किसानों एवं आमजन को आवागमन में सुविधा मिल सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव, मेडिकल कॉलेज के एमएस डॉ. बसंत माहेश्वरी, एसडीएम सुश्री अक्षा गुप्ता, सब इंजीनियर श्री लेखराज, साइट इंजीनियर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नहरपाली में जल अर्पण दिवस पर ग्रामीणों को पानी की हर बूंद बचाने दिया गया संदेश

**रायगढ़, 20 मार्च।** विकासखण्ड खरसिया के ग्राम नहरपाली में जल उत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत 'जल अर्पण दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने जल संरक्षण, जल जीवन मिशन की उपयोगिता एवं जल के सतत उपयोग के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही एफटीके के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण कर ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के प्रति जागरूक किया गया।




कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत नहरपाली को जल योजना का औपचारिक हस्तांतरण किया गया, जो ग्राम के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में जल को अमूल्य संसाधन बताते हुए इसके संरक्षण को प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी बताया और ÷हर बूंद की कीमत समझें÷ का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर ग्रामवासियों ने जल संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल जागरूकता का माध्यम बना, बल्कि ग्राम नहरपाली को जल संरक्षण के क्षेत्र में एक आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभरकर सामने आया।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सतबाई छोटेलाल पटेल, जनपद अध्यक्ष खरसिया श्रीमती राम कुमारी राठिया, जनपद उपाध्यक्ष डॉ. हितेश गबेल, जनपद सदस्य (बीडीसी) श्रीमती निर्मला राजू राठिया, ग्राम पंचायत नहरपाली की सरपंच श्रीमती दिलेश्वरी खड़िया, सहायक कलेक्टर श्री अक्षय डोसी, एसडीएम खरसिया श्री प्रवीण तिवारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायगढ़ की कार्यपालन अभियंता श्रीमती प्रतिभा नवरतन, जनपद पंचायत खरसिया के सीईओ श्री पवन पटेल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खरसिया के सहायक अभियंता श्री एस. आर. नारनौरे, उप अभियंता उमा सिदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# भूमि की उर्वरा शक्ति एवं भूजल स्तर के संरक्षण के लिए फसल परिवर्तन आवश्यक : कलेक्टर

**मोहला 20 मार्च ।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज जिले के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा उन्नत कृषि अपनाने वाले किसानों से मुलाकात कर उनके कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान वे कृषि विभाग द्वारा ग्राम मोहभट्ठा में आयोजित कृषक चौपाल में भी शामिल हुईं। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर, एसडीएम मोहला श्री हेमेंद्र भूआर्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



कृषक चौपाल को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने किसानों को फसल परिवर्तन अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक ही फसल लगातार लेने से भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती है, इसलिए फसल विविधीकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि धान की फसल में अन्य फसलों की तुलना में अधिक पानी की आवश्यकता होती है, जिससे भूजल स्तर में गिरावट आती है। अतः किसानों को धान के स्थान पर कम पानी में अधिक आय देने वाली फसलों को अपनाना चाहिए, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता भी बनी रहे।

उन्होंने ग्रामीणों से वर्षा जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने की अपील की तथा भूजल स्तर में सुधार हेतु विभिन्न उपायों की जानकारी भी दी। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने बीज उपचार, भंडारण, भूमि सुधार एवं फसल अवशेष प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कलेक्टर ने उन्नत कृषि कर रहे कृषकों से भी मुलाकात की। ग्राम मोहभट्ठा के कृषक श्री भुवनेश्वर के खेत का निरीक्षण करते हुए उन्होंने आम की फसल का अवलोकन किया। कृषक ने बताया कि एक एकड़ भूमि है, वही इस वर्ष आम का फसल पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर है। साथ ही वे सब्जी एवं फूलों की खेती का भी विस्तार कर रहे हैं। इसी प्रकार ग्राम के कृषक श्री चिंता राम नायक ने बताया कि उन्होंने चना, उड़द एवं मूंग की खेती के साथ-साथ सब्जी उत्पादन भी किया है।

### विकास कार्यों का किया निरीक्षण दिए आवश्यक दिशा निर्देश

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय हेतु भूमि चयन के लिए मार्डिंग-पीड़िंग-धेनु पहुंचीं। यहां उन्होंने भूमि चिन्हांकन कर विद्युत पोल शिफ्टिंग की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश विद्युत विभाग को दिए। साथ ही शिक्षा विभाग को भू-आवंटन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य में तेजी लाई जा सके।उन्होंने हाउसिंग बोर्ड के निर्माणाधीन कार्यों का भी निरीक्षण किया ।

# लेख राम साहू ने गृह ग्राम सिलौटी में मनाई भक्त माता कर्मा जयंती



**अंवरी,20 मार्च।** कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू एवं राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग नई दिल्ली ने भक्त माता कर्मा की जयंती के अवसर पर ग्राम वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिए भक्त माता कर्मा का जीवन सेवा भक्ति और समाज कल्याण समर्पण की भावना से ओत-प्रोत रहा है जो आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक है भक्त माता कर्मा ने अपने जीवन से यह संदेश दिया की सच्ची श्रद्धा समर्पण और परिश्रम के साथ समाज सेवा करने से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है उनके आदर्श और विचार समाज को एकता सद्भाव और सेवा के मार्ग पर चलने को प्रेरित करता है मुख्य अतिथि बनकर पहुंचे लेखराम साह पूर्व विधायक कुरूद ने कहा कि भक्त माता कर्मा जयंती बड़े धूमधाम के साथ ग्राम सिलौटी में मनाया गया इस रैली में महिला एवं पुरुष ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिये इस रैली मे सभी महिलाएं एक वेशभूषा में आए मैं पूरे गांव के तरफ से कहना चाहता हूं कि आने वाले वर्षों में पुरुष भी एक वेशभूषा में आए एवं पूरे परिवार के साथ सम्मिलित हो ताकि कर्मा जयंती की भव्यता में चार चांद लग जाए इस आयोजन में ग्राम सिलौटी के सरपंच अनिल शिंदे जी ग्रामीण अध्यक्ष साहू समाज विजय साहू जी श्यामू साहू जी गिरधारी साहू जी द्रोणाचार्य साहू जी जागेश्वर साहू जी शिव प्रसाद पटेल जी कुलेश्वर साहू जी गिरधारी साहू जी लेख राम सिन्हा जी गिरधर मारकंडे पितांबर साहू सामाजिक बंधु एवं ग्राम के अन्य समाज के लोग भी सम्मिलित हुए पूरे ग्राम पंचायत में भ्रमण के पश्चात यह रैली एवं पदयात्रा पूजा अर्चना आरती भोजन प्रसादी के पश्चात संपन्न हुआ।

# नगर में चेट्रीचंड महोत्सव बाइक रैली निकालकर मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 20 मार्च।** सिंधी समाज के ईष्ट देव भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव चेट्रीचंड महोत्सव शहर मे धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर भव्य बाईक रैली निकाली गई जिसमे महिलाएं, पुरूष बच्चे बडी संख्या मे शामिल हुए इस दौरान सिंधी समाज के लोगो मे जबरदस्त उत्साह का माहौल रहा, आयोलाल झूलेलाल जय जय झूलेलाल के जय घोष लगाते बाईक रैली मे चल रहे थे, इसके पूर्व झूलेलाल मंदिर मे पूजा अर्चना के बाद नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने झंडी दिखाकर बाईक रैली को रवाना किया और स्वयं भी बाईक मे सवार होकर पूरी रैली मे शामिल हुए।इस दौरान सिंधी ध्वज और भगवान झूलेलाल के पोस्टर हाथ मे लेकर रैली मे शामिल हुए रैली महासती मंदिर रोड, गोविंद चौक, रामसप्ताह चौक, जय स्तंभ चौक, अस्पताल चौक होते प्रमुख मार्गो से भ्रमण करते मातादेवालय स्थित प्रेमप्रकाश मंदिर मे रैली का समापन हुआ। इस अवसर पर रैली का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया व ठंडा पेय वितरित किया गया।

## झूलेलाल जयंती पर विस अध्यक्ष और विधायक सांसद व महापौर ने दी सिंधी समाज को बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 20 मार्च।** चेटीचंद-झूलेलाल जी की जयंती के पावन पर्व पर सिंधी समाज के समाजिक बंधुओ को विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे एवं महापौर मधुसूदन यादव ने बधाई दी है। उन्होंने अपने बधांई संदेश में कहा कि यह दिन विशेष रूप से सिंध समुदाय के लिए बहुत महत्व रखता है, क्योंकि इसे भगवान झूलेलाल के जन्म के दिन के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को सिंधी समाज के लोग अपने घरों और मंदिरों में पूजा अर्चना करके मनाते हैं। यह दिन भगवान झूलेलाल की उपासना और उनके प्रति श्रद्धा को दर्शाता है।

विधायक डॉ. सिंह, सांसद पाण्डे एवं महापौर यादव ने बधाई देते हुएं कहा कि भगवान झूलेलाल का नाम सिंधियों के दिलों में एक विशेष स्थान रखता है। उन्हें जल देवता और महान संत के रूप में पूजा जाता है। भगवान झूलेलाल जयंती का महत्व इसलिए है क्योंकि यह पर्व सिंधी समाज के धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है। इस दिन को मनाकर सिंधी लोग अपने जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और शांति का स्वागत करते हैं। यह पर्व समाज में एकता, भाईचारे और सामुहिकता को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह सिंधी समाज की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और बढ़ावा देता है। भगवान झूलेलाल की पूजा से भक्तगण अपने जीवन में शांति, सुख और समृद्धि की प्राप्ति की कामना करते हैं।

## समाचार संक्षेप

### धान खरीदी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 20 फरवरी।** प्रार्थी संजय कुमार वर्मा निवासी इंदिरा कॉलोनी बलौदाबाजार शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोदवा द्वारा 23 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि धान खरीदी केंद्र खरतोरा का प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जांच किया गया, जिसमें प्रभारी समिति प्रबंधक द्वारा अपने पदीय दायित्वों का दुरुपयोग करते हुए अपने बड़े भाई आरोपी संतोष कुमार गेंदले के नाम पर 21 मार्च को जारी टोकन के विरुद्ध उपार्जन केंद्र में बिना धान लाए 53 कट्टा मात्रा 21.20 क्विंटल सरना धान कुल राशि 50,200 उक्त तिथि को ही फर्जी तरीके से तौल पत्रक जारी कर ऑनलाइन प्रविष्टि एवं ऑनलाइन भुगतान की प्रविष्टि की गई है, जिससे शासन को उक्त राशि की क्षति हुई है।

सूचना पर अपराध क्र. 35/2026 धारा 318(4), 336(3), 338, 340(2), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था, किंतु दूसरा आरोपी संतोष कुमार गेंडरे फरार हो गया था जिसकी सरगर्मी से पता तलाश किया जा रहा था, कि इसी बीच पुलिस द्वारा आरोपी संतोष कुमार को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर पूर्व में गिरफ्तार अपने आरोपी भाई के साथ मिलकर धान खरीदी केंद्र खरतोरा में धान खरीदी/बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी की घटना करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को 18 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है। आरोपी- संतोष कुमार गेण्डरे उम्र 56 साल निवासी ग्राम खैरा थाना पलारी वर्तमान निवासी सुनीता पार्क तेलीबांधा रायपुर जिला रायपुर है।

## एक नजर

### कलेक्टर ने मनोविकास केंद्र का किया निरीक्षण, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के इलाज व व्यवस्था का लिया जायजा



**बलौदाबाजार, 20 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर बलौदाबाजार स्थित मनोविकास केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र के विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया और सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने केन्द्र में उपस्थित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के द्वारा किये जा रहे विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया और उन्हें चॉकलेट व स्कूल बैग देकर प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा 4 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड़ ट्राईसिकल एवं एक दिव्यांग को ट्राईसिकल प्रदान किया। कलेक्टर शर्मा ने केंद्र के एजुकेशन क़क्ष, फ़िज़ियोथेरेपी क़क्ष, स्पीचथेरेपी क़क्ष, योगा हाल का अवलोकन किया एवं वहां भर्ती बच्चों एवं उनके अभिभावकों से मुलाक़ात की। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से केंद्र में मिल रही सुविधाओं से बच्चे की स्थिति में सुधार की जानकारी ली। अभिभावकों ने बताया कि कम समय में ही बेहतर परिणाम नजर आ रहा है। इस दौरान कई बच्चों ने कलेक्टर को अपनी हाथों से बनाया हुआ ग्रीटिंग कार्ड भी दिया वहीं योगा हाल में कई बच्चों ने बहुत सुन्दर योगाभ्यास किया। उल्लेखनीय है कि बलौदाबाजार स्थित मनोविकास केंद्र विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के विकास और पुनर्वास के लिए समर्पित संस्थान है। यह केंद्र जनवरी 2025 से सीएसआर मद से संचालित हो रहा है और वर्तमान में 40 से अधिक बच्चों को विशेष शिक्षा, चिकित्सा सहायता, व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, उप संचालक सिनीवाली गोयल, केंद्र प्रभारी आशा शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

■ बच्चों को स्कूल बैग व दिव्यांगजनों को वितरित की ट्रायसिकल

### होटल की छत से कूदकर घायल हुई युवती की इलाज के दौरान मौत

**रायपुर, 20 मार्च।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर गंज थाना क्षेत्र से एक संवेदनशील मामला सामने आया है। जहां एक युवती ने होटल की दूसरी मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है, वहीं पुलिस मामले की गहराई से जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, स्टेशन रोड स्थित सिद्धि विनायक होटल में ठहरी 25 वर्षीय युवती हनी गुप्ता ने होटल की छत से छलांग लगा दी। छलांग लगाने के बाद वह जीआरपी एसपी ऑफिस कैंपस में गिरी। उस समय उसकी सांसें चल रही थीं, जिसके बाद मौके पर मौजूद जीआरपी के जवानों ने उसे तत्काल आंबेडकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में पुलिस को जानकारी मिली है कि, युवती बाइपोलर डिसऑर्डर जैसी गंभीर मानसिक बीमारी से जूझ रही थी। यह बीमारी व्यक्ति के व्यवहार और मानसिक स्थिति पर गहरा असर डालती है, जिसमें अचानक अवसाद या अत्यधिक उत्तेजना की स्थिति बन सकती है।

### थाना बसंतपुर क्षेत्र के चौखडियापारा के सूने मकान में हुए चोरी के मामले में

# चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- ■ आरोपियों ने सूने मकान का ताला तोडकर सोने के आभूषणों की चोरी की थी।
- ■ सभी आरोपियों के कब्जे से 1 नग सोने का हार, 1 नग सोने का झुमका, 1 नग सोने का मंगलसूत्र कुल कीमती 5, 72, 604 रुपये को पुलिस ने किया बरामद
- ■ आरोपी शंकर उर्फबण्ठा आदतन बदमाश व चोर प्रवृत्ति का है, जिसके विरुद्ध थाना बसंतपुर में मारपीट एवं नकबजनी के कई प्रकरण दर्ज है



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 20 मार्च।** प्रार्थी वतन सिंग राजपूत निवासी नंदई चौक राजनांदगांव द्वारा थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4 मार्च को वह अपने घर मे ताला लगाकर परिवार सहित मोहला गए हुए थे उसी दौरान घर के कमरे में आलमारी में रखे हुए सोने के आभूषण, मोबाईल और अन्य समान को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया है रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 110/26 कायम कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन पर नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन (भा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में थाना बसंतपुर प्रभारी एमन साहू एवं साइबर थाना प्रभारी विनय पम्मार के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी की तलाश की गई।

विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी शंकर रजक उर्फ बन्ठा पिता बसंत रजक उम्र 26 साल निवासी बासपाई पारा पारा थाना बसंतपुर राजनांदगांव निखिल ढीमर उर्फ निक्कु पिता जीतु ढीमर उम्र 20 साल निवासी ढीमर पारा रानीसागर के पास थाना बसंतपुर राजनांदगांव आलोक भोजपुरी पिता अनिल भोजपुरी उम्र 21 साल निवासी इंदिरानगर थाना बसंतपुर राजनांदगांव सुरेश ढीमर उर्फ सुरजू पिता स्व. बेदराम ढीमर उम्र 54 साल निवासी बासपाई पारा थाना बसंतपुर राजनांदगांव को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ किया गया जो जुर्म करना स्वीकार किया गया।

आरोपी शंकर उर्फबण्ठा रजक से 01 नग सोने का हार वजनी 14 ग्राम कीमती 1, 57,500 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त लोहे का राड, आरोपी निखिल ढीमर से 01 नग सोने का झुमका वजनी 7.950 ग्राम कीमती 89, 436 रूपये तथा आरोपी सुरेश कुमार ढीमर से 01 नग सोने का मंगलसूत्र वजनी 28.950 ग्राम कीमती 5,72, 604 रूपये जप्त कर आरोपियों को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही में साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार थाना बसंतपुर से उप निरीक्षक देवादास भारती, म0प्र0आर0 मेनका साहू, प्र0आर0 दीपक जायसवाल आरक्षक कुश बघेल, आशीष मानिकपुरी, अतहर अली एवं सायबर थाना से प्र0आर0 बसंत राव, आर0 प्रख्यात जैन, अमित सोनी, मनोज खूंटे, अविनश झा, हरिश ठाकुर, जोगेश राठौर, पूनेश्वर साहू, हेमंत साहू एवं आदित्य की सराहनीय भूमिका रही।

## आबकारी विभाग की कार्रवाई, विदेशी मदिरा सहित एक बाइक जब्त



**बलौदाबाजार, 20 मार्च।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में मंगलवार को आबकारी विभाग की टीम द्वारा थाना सुहेला के ग्राम रावन निवासी आरोपी धीरज वर्मा द्वारा वाहन कपेशन प्लस मोटरसायकल में परिवहन करते हुये 30 पाव विदेशी मदिरा व्हिस्की (आयकन) मात्रा 5.4 बल्क लीटर जब्त किया गया। विदेशी मदिरा व्हिस्की का बाजार मूल्य 3, 600 रुपए होना पाया गया एवं 1 मोटर सायकल जब्त किया गया जिसका बाजार मूल्य 35, 000 रुपए होना पाया गया। आरोपी धीरज वर्मा के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 59(क) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, दिनेश कुमार साहू, आबकारी मुख्य आरक्षक राधागिरी गोस्वामी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कलेक्टर की पहल से नेटवर्क मार्केटिंग में फंसे युवाओं की हुई सुरक्षित घर वापसी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 फरवरी।** नेटवर्क मार्केटिंग कार्य के लिए उत्तरप्रदेश के झाँसी जिले में ठेकेदार के चंगुल में फंसे जिले के 11 युवाओं की सुरक्षित घर वापसी कलेक्टर कुलदीप शर्मा की पहल पर हुई। घर वापस पहुंचे युवाओं ने गुरुवार को कलेक्टर कुलदीप शर्मा से भेंट कर प्रशासन के प्रति आभार जताया। कलेक्टर शर्मा ने उन्हें समझाया कि रोजगार के लिये बाहर जाने से पहले पुरी जानकारी लिया करें। स्थानीय स्तर पर भी रोजगार की तलाश करें।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गोगिया एवं चमारी के सरपंच शिव कुमार गोयल ने कलेक्टर कुलदीप शर्मा को शिकायत में बताया कि उनके ग्राम पंचायत के युवा गजेन्द्र बंजारे, हुसैन घृतलहरे एवं अन्य 3 युवा को मउरानी, जिला झाँसी (उत्तरप्रदेश) निवासी दिनेश धुवी, रामदेव साहू के द्वारा नेटवर्क मार्केटिंग का कार्य किये जाने हेतु बुलाए गए थे। पत्र में लेख किया गया था कि उक्त युवाओं के साथ मारपीट व अन्य प्रकार के वेदनाए करते हैं जिस कारण सभी युवा वापस अपने गृह ग्राम आना चाहतें हैं किंतु उनके द्वारा उक्त युवाओं को उनके गृह ग्राम आने नही दिया जा रहा था। पत्र के माध्यम से उक्त युवाओं को उनके गृह ग्राम वापस लाये जाने के संबंध में निवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था।

कलेक्टर शर्मा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने अपने बैचमेट और झाँसी के कलेक्टर मृदुल चौधरी से फोन पर बात कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया और सहयोग की अपेक्षा की। कलेक्टर के निर्देश पर श्रम पदाधिकारी जिला बलौदाबाजार एवं थाना प्रभारी, थाना भाटापारा (ग्रामिण) की एक संयुक्त टीम गठित की गयी।

# कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 20 मार्च।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को विकासखण्ड पलारी अंतर्गत विभिन्न ग्रामो का दौरा कर योजनाओं और कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत लच्छनपुर में बरगद पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर लोगों की समस्या सुनी। उन्होंने जल संचय जन भागीदारी 2.0 अंतर्गत मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण हेतु शपथ भी दिलाई। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि जिस वट वृक्ष के छांव के. नीचे हम सब एकत्रित हुए है उस वट वृक्ष को पुरखो ने कई साल पहले लगाया था जिसका सुखद परिणाम आज हमें मिल रहा है। इसी तरह भावी पीढ़ी के लिये जल संरक्षण आवश्यक है। भूमिगत जल के दोहन के कारण जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। वाटर लेवल बनाए रखने के लिये वर्षा जल का संचय जरुरी है।इसके लिये हर सरकारी भवन एवं मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने लोगों को प्रोत्साहित करें। इसके साथ ही जल संरचनाओं का निर्माण भी करना है।उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर गांव के सबसे बड़े तालाब की गहरीकरण के लिये मनरेगा से स्वीकृत करने हेतु प्राक्कलन तैयार कराने के निर्देश जनपद सीईओ को दिये।कलेक्टर ने ग्रामीणों से पटवारी, सचिव एवं रोजगार सहायक की कार्यप्रणाली के बारे में पूछ -ताछ करते हुए जानकारी ली। स्कूल में शिक्षकों की कमी के सम्बन्ध में आवश्यक पहल करने की बात कही। इस दौरान किसानों को स्वामित्व योजना के तहत स्वामित्व कार्ड और ऋण पुस्तिका वितरित किया।

## गर्मी के मौसम में बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने मेंटेनेंस कार्य समय पर पूरा करें : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 मार्च।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने गर्मी के मौसम में बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने ट्रांसफार्मर एवं अन्य मेन्टनेन्स कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि डिमांड जारी होने के बाद नया ट्रांसफार्मर शीघ्र लगाएं, बिजली से सम्बधित शिकायत का त्वरित निराकरण करें। इसके साथ ही बारिश के पूर्व पेड़ों का शाखा कर्तन का कार्य भी पूरा कराएं ताकि बारिश के समय कोई दुर्घटना न हो। उन्होंने अवैध रूप से हुकिंग कर बिजली का उपयोग पर कार्यवाही करने एवं अस्थाई कनेक्शन से रबी फसल के लिए पानी हेतु बोर का उपयोग पर रोक लगाने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग के द्वारा अस्थायी बिजली कनेक्शन के लिये एनओसी पुरी आकलन के पश्चात ही जारी हो। ग्रीष्म ऋतु में पेयजल व निस्तारी हेतु पानी के उपयोग को प्राथमिकता देने कहा। उन्होंने सहायक यंत्री एवं कनिष्ठ यंत्रियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि नियमित रुप से फिल्ड विजिट कर अवैध कनेक्शन पर कार्यवाही करें। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत जिले के लिये निर्धारित लक्ष्य और उपलब्धि की समीक्षा करते हुए कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजना है। हितग्राहियों को सोलर पेनल लगवाने में शासन से सब्सिडी दिया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण के साथ ही बिजली लोड भी कम होगी। उन्होंने योजना के तहत प्राप्त लक्ष्य 12000 के विरुद्ध अब तक 3104 हितग्राहियों के द्वारा सोलर पेनल लगवाने पर इसमें तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दिये।

### वार्डों मे चल रहे निर्माण कार्यों का लिया जायजा लेकर

# महापौर ने ईदगाह मैदान में सफाई, पानी आदि की व्यवस्था करने के दिए निर्देश

■ रानी अवंती बाई प्रतिमा स्थल सौदर्यीकरण कार्य प्रगति की जानकारी ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 20 मार्च।** वार्डों में चल रहे निर्माण कार्यो का आज महापौर मधुसूदन यादव ने निरीक्षण कर कार्य जल्द पूर्ण करने तकनीकि अधिकारी को निर्देशित किये। साथ ही ईदगाह मैदान में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने तथा रानी अवंती बाई प्रतिमा स्थल पर सौदर्यीकरण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पार्षद अरूण साहू, पूर्व पार्षद अमीन हुद्दा, जिला सतनामी सेवा समिति के अध्यक्ष युवराज ढीडे, जामा मस्जिद के अध्यक्ष रईस अहमद शकील उपस्थित थे।

निर्माण कार्य निरीक्षण के तहत ओव्हर ब्रिज के पास स्थापित रानी अवंती बाई लोधी प्रतिमा स्थल सौदर्यीकरण कार्य का जायजा लेकर महापौर यादव ने कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उप अभियंता ने बताया कि पेवर ब्लाक लगाने, पौधरोपण, लाईट एवं पेंटिंग के कार्य पूर्ण हो चुका है, रोप लाईट लगाने का काम अंतिम चरण मे है। महापौर ने कहा कि शेष कार्य आज ही पूर्ण करे और कल अवंती बाई जी के बलिदान दिवस के पूर्व साफ सफाई एव आवश्यक व्यवस्था करना सुनिश्चित करे। इसी कडी में उन्होंने तुलसीपुर बौद्धविहार सामुदायिक भवन निर्माण कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किए। उन्होंने कहा कि समाजवालो की भावनाओ के अनुरूप भवन का निर्माण हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने ठा.प्यारेलाल चौक में क्षतिग्रस्त डिवाईडर का मरम्मत कर संधारण करने के निर्देश दिए। निर्माण की कडी में जी.ई.रोड स्थित सतनाम भवन में शौचालय निर्माण के लिए समाजिक बंधुओ के साथ स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य चालू कराने उप अभियंता को निर्देशित किए। साथ ही भवन के शेड एवं शेष मरम्मत कार्य भी समय सीमा में पूर्ण कराने कहा।

आगामी दिनो में ईदुल फित्तर त्योहार को ध्यान में रख महापौर यादव समाज के लोगो तथा निगम के अधिकारियो के साथ ईदगाह मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने मैदान के पास नव निर्मित पूलिया का निरीक्षण कर साफ सफाई करने कहा। उन्होंने अधिकारिया से कहा कि मूलभूत सुविधा के तहत ईदगाह मैदान में पर्याप्त साफ सफाई कर चुना लाईन डाले, पानी की व्यवस्था के लिए टैंकर खडा करे, मोबाईल टायलेट रखे। इसके अलावा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। निरीक्षण अवसर पर प्र.सहायक अभियंता सुश्री सुषमा साहू, उप अभियंता रितु श्रीवास्तव, पिंकी खाती, अनुप पाण्डे, तिलक राज ध्रुव व मोनेन्द्र साठिया, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा सहित निगम का अमला उपस्थित था।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़**
**तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव**

रा.प्र.क्रमांक-202603092100007
अ/6 (अ) वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका रजिंदर कौर भाटिया पति स्व. सिन्दरपाल सिंह भाटिया व अन्य 01 निवासी वार्ड नम्बर 12 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि ग्राम डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव स्थित मेन्युअल राजस्व अभिलेख में शीट क्रमांक 06 भूखण्ड क्रमांक 2058, 2059 क्षेत्रफल 2995 वर्गफीट दर्ज है पंजीयत विक्रय पत्र में 2995 वर्गफीट उल्लेखित है कम्प्यूटरकृत राजस्व अभिलेख में 9583 वर्गफीट त्रुटि पूर्ण इन्द्राज है राजस्व अभिलेख में 9583 वर्गफुट विलोपित कर वास्तविक क्षेत्रफल 2995 वर्गफीट इन्द्राज किया जाना आवश्यक है। अतः आवेदन पत्र को स्वीकार किया जाकर उक्त भूमि की त्रुटिपूर्ण क्षेत्रफल 9583 वर्गफीट भूमि को विलोपित कर वास्तविक क्षेत्रफल 2995 वर्गफीट इन्द्राज करने का निवेदन किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 02/04/2026 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह आज दिनांक 16/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर से अभिकरण की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(मुहर)

तहसीलदार
डोंगरगढ़



**कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक 10918/न.पा.नि./2026 — रायगढ़, दिनांक 19/03/26

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका निगम रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 187324 | नगर पालिक निगम, रायगढ़ में जल/उद्यान /एस.टी.पी एवं अन्य के लिए नवीन सिविल कार्य जैसे वाल्व चेम्बर निर्माण/ नवीन नल कनेक्शन कार्य/पाईप लाईन विस्तार कार्य (जी.आई.)/एस.टी.पी./गार्डन व डिवाईडर (बाउण्ड्री, चेम्बर, चबूतरा) के आवश्यकतानुसार ढलाई, मरम्मत संधारण कार्य। | 30.00 | 09-04-2026 |
| 2 | 187338 | BYPASS ARRANGEMENT OF EXCESS INFLUENT PUMPED FROM MPS AT KAYAGHAT AT W.N. 29, RAIGARH | 16.47 | 09-04-2026 |
| 3 | 187367 | नगर पालिक निगम, रायगढ़ वित्तीय वर्ष 2026-27 में अभिलेख शाखा हेतु भोजन/नास्ता सामग्री प्रदाय कार्य। | 10.00 | 09-04-2026 |
| 4 | 187371 | नगर पालिक निगम रायगढ़ वित्तीय वर्ष 2026-27 में अभिलेख शाखा हेतु फ्लैक्स/बैनर सामग्री प्रदाय कार्य। | 15.00 | 09-04-2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि. रायगढ़

## एक नजर

### चलती कार में लगी आग



**रायपुर, 20 मार्च।** राजधानी के सरस्वती नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आमानाका ओवरब्रिज पर आज उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक चलती कार में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते पूरी कार जलकर खाक हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, कार आमानाका ओवरब्रिज से गुजर रही थी, तभी अचानक कार से धुआं निकलने लगा। कार चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत वाहन को किनारे रोका। जैसे ही चालक और उसमें सवार व्यक्ति नीचे उतरे, पूरी कार आग की लपटों में घिर गई। घटना की सूचना मिलते ही सरस्वती नगर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को दे दी गई है।

### कंगना रनौत के बयान की निंदा

**रायपुर, 20 मार्च।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने बीजेपी की लोकसभा सांसद तथा अभिनेत्री कंगना रनौत के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रति दिए गए अत्यंत आपत्तिजनक, असंवेदनशील एवं बेतुके बयान की कड़ी निंदा की है। सांसद कंगना रनौत ने हाल ही में संसद परिसर में मीडिया से बातचीत के दौरान राहुल गांधी को टपोरी कहकर संबोधित किया तथा दावा किया कि महिलाएं उनके व्यवहार से असहज महसूस करती हैं। यह बयान न केवल शालीनता की सभी सीमाओं को लांघता है, बल्कि एक सम्मानित लोकतांत्रिक नेता एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री के पुत्र के चरित्र पर आधारहीन हमला है। राहुल गांधी सदैव संवैधानिक मूल्यों, महिला सम्मान एवं सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक रहे हैं। उनकी छवि एवं कार्यशैली पर इस प्रकार के घटिया एवं अपमानजनक आरोप लगाना पूर्णतः अस्वीकार्य है।

### बच्चों की सेहत, देश की शक्ति

**रायपुर, 20 मार्च।** भारत के कई शहरों और गांवों में हर महीने माता-पिता अपने बच्चों के साथ नजदीकी केंद्रों पर एकत्रित होते हैं और पीढ़ियों से चली आ रही एक सरल आयुर्वेदिक परंपरा का हिस्सा बनते हैं। कई परिवारों के लिए यह केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि अपनी संतानों को अधिक पुष्ट और आरोग्यवान बनाने के संकल्प से जुड़ा एक मंगलकारी प्रयास है। आज यह परंपरा 'मंत्रौषधि सुवर्णप्राशन अभियान' के माध्यम से प्रति माह सात लाख से अधिक बालकों तक पहुँच रही है। यह पहल बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर केंद्रित है और इसका ध्येय बालकों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना है। इस कार्यक्रम को गोपाल स्नैक्स लिमिटेड के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है। कंपनी मई 2023 से इस पहल से जुड़ी हुई है और कार्यक्रम के विस्तार हेतु प्रति वर्ष लगभग 1.5 करोड़ का योगदान दे रही है। देशभर के स्वयंसेवकों और सामुदायिक केंद्रों की सहायता से यह कार्यक्रम परिवारों को एकजुट कर बालकों को अधिक सुदृढ़ और स्वस्थ बनाने के ध्येय को पूर्ण कर रहा है।

#### निधन

### ड.पीएल यदु

**रायपुर, 20 मार्च।** ख्यात नाम सर्जन डॉ. पीएल यदु का आज निधन हो गया। देवेन्द्र नगर निवासी डॉ. यदु की पार्थिव काया का अंतिम संस्कार आज किया जाएगा। वे सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष थे।

## अवैध प्लॉटिंग पर रोक के साथ शहरी विकास को मिलेगी गति

**छत्तीसगढ़ विधानसभा से पारित हुआ नगर एवं ग्राम निवेश (संशोधन) विधेयक 2026**



**रायपुर, 20 मार्च।** छत्तीसगढ़ में तेजी से बढ़ते शहरीकरण और सुव्यवस्थित विकास की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश (संशोधन) विधेयक 2026 को विधानसभा ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस संशोधन का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में अनियंत्रित विस्तार और अवैध प्लॉटिंग पर नियंत्रण स्थापित करते हुए योजनाबद्ध विकास को गति देना है।

सदन में चर्चा के दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि वर्तमान में नगर विकास योजनाएं तैयार करने और उनके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी आवास एवं पर्यावरण विभाग के मुख्यतः रायपुर विकास प्राधिकरण और नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण जैसे प्राधिकरणों पर ही निर्भर है। प्रदेश में बढ़ती आर्थिक विकास के फ्लस्वरूप, शहरों के व्यवस्थित विकास की आवश्यकता आज और बढ़ गई है। मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में विभिन्न एजेंसियों की भागीदारी से नगर विकास योजनाओं के बेहतर परिणाम सामने आए हैं। अहमदाबाद जैसे कई प्रमुख शहरों में रिंग रोड जैसी प्रमुख परियोजनाएं, नगर विकास



योजना बनाकर, योजनाबद्ध तरीके से विकसित की गई हैं।

वित्त मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में भी रायपुर मास्टर प्लान के अंतर्गत एम.आर.-43 मार्ग का निर्माण नगर विकास योजना के माध्यम से किया जा रहा है, जो इस प्रणाली की उपयोगिता को दर्शाता है। संशोधन के तहत छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा-38 में बदलाव किया गया है। इसके अनुसार अब नगर विकास योजनाएं तैयार करने के लिए अधिकृत एजेंसियों के दायरे का विस्तार किया जा रहा है। नगर तथा ग्राम विकास प्राधिकरणों के अलावा राज्य शासन के अभिकरणों, स्थानीय नगर निकाय और सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों द्वारा भी नगर विकास योजना क्रियान्वित की जा सकेगी। इससे योजनाओं की संख्या में वृद्धि होने के साथ-साथ औद्योगिक और आवासीय विकास को भी नई गति मिलेगी।

### प्रदेश में प्रदूषण फैलाने वाले 665 उद्योग संचालित

**रायपुर, 20 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज प्रदेश में संचालित उद्योगों में प्रदूषण का मामला गूंजा। विपक्ष ने पूछा कि खतरनाक अपशिष्ट उत्पन्न करने वाले कितने उद्योग संचालित हैं और उन पर रोक लगाने सरकार क्या प्रयास कर रही है। इन उद्योगों के जांच की जिम्मेदारी किसकी है और अब तक जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले कितने उद्योगों पर कार्रवाई की गई है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने प्रश्नकाल में पूछा कि वर्ष 2024 से जनवरी 2026 तक प्रदेश में कितने हानिकारक प्रदूषण उत्सर्जन करने वाले उद्योगों में ऑनलाइन एमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम की स्थापना की गई है और इसमें कितनी राशि खर्च की गई है। इसके साथ ही विपक्ष ने इन अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास की जानकारी भी मांगी।

जवाब में पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि खतरनाक अपशिष्ट उत्पन्न करने वाले कुल 665 औद्योगिक इकाइयां इस समय प्रदेश में संचालित है, इन उद्योगों द्वारा बिजली बचाने रात में ईएसपी बंद करने की लगातार शिकायत को देखते हुए 19 बड़े उद्योगों में ऑनलाइन एमीशन मॉनिटरिंग सिस्टम की स्थापना की गई है, इसके लिए





**» नेता प्रतिपक्ष के सवालों से घिरे पर्यावरण मंत्री**

पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा कोई राशि स्वीकृत नहीं की गई है। इसमें एक सिस्टम लगाने में चार से पांच लाख का खर्च आता जिसे उद्योगों से वसूल किए जाने वाले जुर्माना की राशि खर्च की जाती है। विभागीय मंत्री ने बताया कि इन औद्योगिक अपशिष्ट के निपटान के लिए 50 एकड़ में रिसाइकल प्लांट लगाया गया है जिसमें सिर्फ छत्तीसगढ़ का अपशिष्ट ही डिस्पोज किया जाएगा। आवास एवं पर्यावरण मंत्री ने सदन को आश्वस्त कराया कि औद्योगिक प्रदूषण पर रोक लगाने कड़े नियम बनाकर उसका पालन कराएंगे। नियमों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा गारंटी देगी क्या विधेयक फिर राजभवन में कैद नहीं रहेगा : दीपक बैज

**रायपुर, 20 मार्च।** धर्म स्वातंर्त्य विधेयक पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि धर्म स्वातंर्त्य विधेयक भाजपा का राजनैतिक प्रोपोगंडा मात्र है। इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद भी भाजपा धर्मांतरण के मामले में केवल राजनीति करेगी। 2006 में भाजपा ने रमन सरकार के समय भी धर्मांतरण को लेकर विधेयक विधानसभा में पारित कराया था। 20 सालों तक वह राजभवन में कैद रहा, जबकि अनेक वर्षों तक केंद्र, राज्य में भाजपा की सरकारे थी, भाजपा केवल जनता को दिखाने के लिए कानून बनाने का स्वांग रचती है। हकीकत में वह धर्मांतरण को बढ़ावा देती है ताकि वह ध्रुवीकरण की राजनीति कर सके। भाजपा गारंटी देगी क्या अबकी बार का विधेयक फिर राजभवन में कैद नहीं रहेगा



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जबरन धर्मांतरण को सुप्रीम कोर्ट ने देश के लिये बड़ी समस्या बताया था, तथा कानून बनाने के लिये केन्द्र से कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय के बाद केन्द्र में बैठी मोदी सरकार का यह कर्तव्य बन जाता है कि जबरन धर्मांतरण के खिलाफ वह पूरे देश में एक कानून बनाये। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को एक साल से अधिक हो गया, लेकिन मोदी सरकार इस पर मौन है। भारतीय जनता पार्टी धर्मांतरण को लेकर देश भर में अफवाह फैलाने और राजनीति करने का काम करती है। जब इस मामले में ठोस पहल करने या कानून बनाने की बात आती है तब भाजपा की नीयत में खोट साफ नजर आता है।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बनाया यात्री राजस्व अर्जन में कीर्तिमान

**रायपुर, 20 मार्च।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में यात्री राजस्व अर्जन में उपलब्धि हासिल करते हुए अब तक का सर्वाधिक ऑरिजिनेटिंग पैसेंजर रेवेन्यू अर्जित किया है। 17 मार्च 2026 तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्री यातायात से 1359.04 करोड़ का राजस्व अर्जन किया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के 1330.70 करोड़ के यात्री यातायात से प्राप्त राजस्व अर्जन से अधिक है। यह उपलब्धि न केवल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उत्कृष्ट कार्यप्रणाली को दर्शाती है, बल्कि यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित आंतरिक लक्ष्य 1348.06 करोड़ को भी पार कर लिया गया है।

राजस्व वृद्धि में अनारक्षित श्रेणी के लिए यात्रा का विशेष योगदान रहा है, जिसमें 55 करोड़ (18.7%) की वृद्धि दर्ज की गई है, जो भारतीय रेल में सर्वाधिक वृद्धि प्रतिशत में से एक है। वहीं, आरक्षित श्रेणी में यात्रा के लिए 26 करोड़ (2.8%) की वृद्धि दर्ज की गई है। कुल मिलाकर 82 करोड़ (6.6%) की वृद्धि की तुलना में तथा 65 करोड़ (5%) की वृद्धि आनुपातिक लक्ष्य की तुलना में हासिल की गई है। यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्पेशल ट्रेनों का भी सफलतापूर्वक संचालन किया गया। इस दौरान टीओडी (ट्रेन ऑन डिमांड) के तहत 116 ट्रिप (26 आरक्षित ट्रेनें) एवं 36 ट्रिप (8 अनारक्षित ट्रेनें) चलाई गई। यह उल्लेखनीय उपलब्धि तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं प्रेरणा के साथ-साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समर्पित कार्यशैली, प्रभावी प्रबंधन तथा यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार का परिणाम है।

## छत्तीसगढ़ में रजिस्ट्री पर लगने वाला 12 फीसदी उपकर खत्म

### विधानसभा में पास हुआ संशोधन विधेयक

**रायपुर, 20 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के 15वें दिन सदन में छत्तीसगढ़ उपकार संशोधन विधेयक 2026 पेश किया गया और इस पर विस्तृत बहस के बाद इसे पारित भी कर दिया गया। सरकार ने इस संशोधन के जरिए जमीन की रजिस्ट्री पर लगने वाले 12त्न उपकार (सेस) को खत्म करने का फैसला लिया है। बताया गया कि यह उपकार पहले राजीव गांधी युवा मितान क्लब योजना के लिए लगाया गया था। इस फैसले के बाद प्रदेश की करीब तीन करोड़ जनता को सीधा फायदा मिलेगा और आम लोगों को रजिस्ट्री में बड़ी राहत मिलने वाली है। सरकार के मुताबिक, इस कदम से सालाना लगभग 147 से 150 करोड़ रुपये तक की आर्थिक राहत जनता को मिलेगी।

विधेयक पर चर्चा के दौरान बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस राजीव गांधी युवा मितान क्लब के लिए यह उपकार लगाया गया था, उसका न तो सही तरीके से पंजीयन हुआ और न ही कभी उसका ऑडिट कराया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब व्यवस्था पारदर्शी नहीं थी, तो सरकारी खजाने से करीब 52 करोड़ रुपये क्यों दिए गए और उन पैसों का इस्तेमाल आखिर किन कामों में हुआ। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच कराने और संबंधित अधिकारियों से राशि की वसूली करने की मांग भी की। सदन में इस मुद्दे को लेकर तीखी बहस देखने को मिली, लेकिन अंततः उपकार संशोधन विधेयक 2026 को पारित कर दिया गया, जिससे अब स्टांप शुल्क पर लगने वाला अतिरिक्त बोझ हट जाएगा और आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।

## धान नहीं बिकने से किसानों के लिए रोज का खर्च चलाना मुश्किल : कांग्रेस

**रायपुर, 20 मार्च।** भाजपा सरकार के कारण प्रदेश के लाखो किसानों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने इस वर्ष प्रदेश के 7.5 लाख से अधिक किसानों का 7130 करोड़ रू. का लगभग 26 लाख टन धान नहीं खरीदा। सरकार ने 2.5 लाख पंजीकृत किसानों से उनका धान नहीं खरीदा। साथ ही एग्रीस्टेक पोर्टल की परेशानियों तथा रकबा सरेंडर के कारण 5 लाख से अधिक किसान अपना धान नहीं बेच पाये। सरकार ने पहले दिन से ही कम से कम किसानों से धान खरीदने भी रणनीति पर काम किया और अपने षडयंत्र में वह सफल भी साबित हुई। जिसके कारण अन्नदाता अपने फसल की पूरी कीमत पाने से वंचित हो गये है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीति के कारण किसान परेशान हो गये है। फसल के लिये लिया गया ऋण भी वह अदा कर पाने की स्थिति में नहीं है ही। अधिकांश किसानों वर्ष भर का खर्चा भी धान की फसल से ही चलता है। सरकार ने उनका धान नहीं खरीद कर आर्थिक परेशानी में लाकर खड़ा कर दिया है। प्रदेश में पहली बार ऐसा हुआ कि धान नहीं बिकने तथा टोकन नहीं कटने की परेशानी के कारण एक दर्जन किसानों ने आत्महत्या का प्रयास किया तथा दो किसानों ने आत्महत्या भी कर लिया। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि 165 लाख मीट्रिक टन के खुद के तय लक्ष्य के विपरित केवल 139 लाख मीट्रिक टन धान ही खरीदा गया। सरकार के खुद के द्वारा तय लक्ष्य से लगभग 26 लाख मीट्रिक टन धान कम खरीदा गया।

## नेशनल ट्राइबल गेम्स : रायपुर में होंगे हॉकी, फुटबॉल, तैराकी, तीरंदाजी और वेट-लिफ्टिंग के आयोजन

**रायपुर, 20 मार्च।** छत्तीसगढ़ में आयोजित हो रहे खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स में देशभर के जनजातीय खिलाड़ी सात खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। इसमें देश के 32 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के करीब 3000 खिलाड़ी भागीदारी करेंगे। आयोजन के दौरान पुरूष एवं महिला वर्गों में राजधानी रायपुर में पांच खेलों तथा बस्तर संभागीय मुख्यालय जगदलपुर और सरगुजा संभागीय मुख्यालय अंबिकापुर में एक-एक खेल होंगे। इसमें छत्तीसगढ़ के कुल 164 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें 86 पुरूष और 78 महिला खिलाड़ी शामिल हैं।

तीनों शहरों में नेशनल ट्राइबल गेम्स के लिए चिन्हांकित खेल स्थलों व मैदानों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार तैयार करने का काम जोरों पर है। रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय फुटबॉल मैदान और स्वामी विवेकानंद एथलेटिक्स स्टेडियम कोटा में फुटबॉल की प्रतियोगिताएं होंगी। रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में हॉकी की स्पर्धाएं होंगी। वहीं रायपुर के अंतरराष्ट्रीय स्वीमिंग पूल में तैराकी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग संचालनालय के ओपन मैदान में तीरंदाजी तथा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ओपन ग्राउंड में वेट-लिफ्टिंग की प्रतियोगिताएं संपन्न होंगी। जगदलपुर के धरमपुरा क्रीड़ा परिसर में एथलेटिक्स और अंबिकापुर के गांधी स्टेडियम में कुश्ती की प्रतियोगिताएं होंगी। खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स में देश के दो परंपरागत खेलों कबड्डी और मलखंब को भी डेमो गेम्स के रूप में शामिल किया गया है।

#### सम्मान



**रायपुर, 20 मार्च।** सिंधु शक्ति के संस्थापक किशोर आहूजा, अध्यक्ष राजू भाई नरवानी, पार्षद व जोन 10 के अध्यक्ष सचिन मेघानी ने एमजी रोड के मंच पर रमेश आहूजा को केसरिया साफा पहनकर चेटीचंड महोत्सव के अवसर पर सम्मान किया।

#### नमन



**रायपुर, 20 मार्च।** वीरांगना अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर राजधानी के पंडरी स्थित जिला अस्पताल प्रांगण में उनकी प्रतिमा के समक्ष उन्हें नमन कर महापौर मीनल चौबे ने पुष्पांजलि अर्पित की।

### 23 से 28 मार्च तक चलेगी नवरात्रि स्पेशल ट्रेन

**रायपुर, 20 मार्च।** चैत्र नवरात्रि के दौरान डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में लगने वाले नवरात्रि मेले में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) कोरबा के बीच मेमू स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 23 से 28 मार्च तक चलेगी और इस दौरान 63 स्टेशनों पर रुकेगी। पूरी दूरी तय करने में ट्रेन को करीब 14 घंटे 30 मिनट लगेंगे। रेलवे के अनुसार ट्रेन नंबर 06883 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-कोरबा मेमू स्पेशल सुबह 5 बजे इतवारी से रवाना होगी और मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुए शाम 7.30 बजे कोरबा पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 06884 कोरबा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू स्पेशल कोरबा से सुबह 5.10 बजे रवाना होकर निर्धारित स्टेशनों पर रुकते हुए शाम 7.30 बजे इतवारी पहुंचेगी।

### महावीर इंटरनेशनल त्रिशाला ने किया 351 जयपुर पैरों का वितरण

**रायपुर, 20 मार्च।** महावीर इंटरनेशनल त्रिशला द्वारा विनय मित्र मण्डल के पचपेड़ी नाका स्थित वर्कशॉप में पैर कटे दिव्यांगों को जयपुर पैर के वितरण की श्रृंखला में आज 351 वां कृत्रिम पैर वितरित किया गया। त्रिशला शाखा की अध्यक्षा शीला श्रीश्रीमाल ने बताया कि आज 18 पैर कटे भाई बहनों को बिना सहारे चलते देखकर सभी उपस्थितजन रोमांचित महसूस करने लगे। जयपुर पैर लीला श्रीश्रीमाल, रम्भा श्रीश्रीमाल, रमेश कोठारी, जयश्री पुगलिया, व गुप्त दान के सौजन्य से दिये गए हैं। विनय मित्र मण्डल द्वारा संचालित जयपुर पैर के स्थायी वर्कशॉप में घुटनों के ऊपर से कटे 3 दिव्यांग व घुटने से नीचे से पैर कटे 15 भाई बहनों को कृत्रिम पैर लगाकर चलाया गया। जिसमें पोलस्ती नियाल 27 वर्ष नुआपाड़ा उड़ीसा, राकेश यादव 23 वर्ष, हीरा ध्रुव 23 वर्ष पैर लगाकर स्वावलंबी जीवन यापन कर रहे हैं। नुआपाड़ा उड़ीसा की 27 वर्षीय के पैर दुर्घटना में कट गए थे, आज विनय मित्र मण्डल के वर्कशॉप में बिना सहारे जयपुर पैर लगाकर खड़ी हुई तो खुशी से रो पड़ी।

## खनिज, राजस्व और पुलिस की संयुक्त दबिश

### 11 हाइवा, 2 जेसीबी और एक चेन माउंटेन मशीन जब्त

**रायपुर, 20 मार्च।** महानदी से रेत के अवैध दोहन का काला कारोबार करने वालों पर प्रशासन ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है. लंबे समय से मिल रही शिकायतों के बाद रायपुर खनिज विभाग, राजस्व और आरंग पुलिस की संयुक्त टीम ने देर रात एक बड़ा 'स्ट्राइक' करते हुए करोड़ों की मशीनरी और वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है. प्रशासन को सूचना मिली थी कि आरंग के कुम्हारी, कुरूद और मोहमेला घाटों पर रात के अंधेरे में अवैध उत्खनन का खेल धड़ल्ले से चल रहा है. योजनाबद्ध तरीके से की गई इस छापेमारी में प्रशासन ने रेत के अवैध परिवहन में लगे 11 हाइवा वाहन, नदी के बीच से रेत निकालने के लिए इस्तेमाल में लाया जा रहा एक चैन माउंटेन मशीन और घाटों पर लोडिंग के लिए तैनात दो जेसीबी मशीन को जब्त किया है.

इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम देने के लिए जिले के आला अधिकारियों ने मोर्चा संभाला. इसमें मुख्य रूप से एएसपी, रायपुर ग्रामीण अभिषेक झा, खनिज अधिकारी उमेश भार्गव, नायब तहसीलदार गजानंद सिदार, आरंग थाना



प्रभारी हरीश साहू शामिल रहे. पकड़े गए सभी वाहनों और मशीनों को जब्त कर गिधपुरी, उपरवारा और आसपास के स्थानीय थानों की सुपुर्दगी में दे दिया गया है. इन सभी पर खनिज अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जा रही है. इस अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र के रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है और कई लोग घाट छोड़कर भाग खड़े हुए. महानदी से बेतहाशा रेत चोरी के कारण न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा था, बल्कि भारी वाहनों की आवाजाही से ग्रामीण सड़कें भी जर्जर हो रही थीं. प्रशासन की इस सख्ती के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि अब अवैध उत्खनन पर पूरी तरह से लगाम लगेगी.

## परिवहन पर प्रतिबंध को लेकर चेम्बर के पदाधिकारी पुलिस कमिश्नर से मिले

**रायपुर, 20 मार्च।** राजधानी में ट्रांसपोर्ट संबंधी प्रतिबंधों के कारण व्यापारिक गतिविधियों में आ रही बाधाओं और व्यापारियों को हो रही वित्तीय हानि को देखते हुए छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चेम्बर प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला से मुलाकात की।

बैठक के दौरान चेम्बर अध्यक्ष सतीश थौरानी द्वारा कमिश्नर को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ट्रांसपोर्ट पर प्रतिबंध के चलते न केवल माल की आवाजाही प्रभावित हो रही है, बल्कि इससे व्यापारिक लागत बढ़ रही है और समय पर डिलीवरी न होने से व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए रायपुर कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने अनौपचारिक रूप से प्रतिबंधों को शिथिल करने तथा जल्द ही इस



विषय पर स्थाई समाधान करने का आश्वासन दिया जिससे व्यापारिक संस्थानों एवं गोडाउंस में माल की लोडिंग और अनलोडिंग की विशेष सुविधा व्यापारियों को मिल सके। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि, चेम्बर हमेशा से व्यापारियों और प्रशासन के मध्य सेतु का कार्य करता आ रहा है तथा चेम्बर व्यापारिक हित की रक्षा हेतु सदैव प्रतिबद्ध रहा है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26